हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 12.03.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 229 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : 3 ~~रुपये~~ 2 रुपये

# पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक, बलोच आर्मी ने 6 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया

एजेंसी

**बलूचिस्तान :** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में मंगलवार को एक यात्री ट्रेन पर गोलीबारी की गई, जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया तथा 450 से अधिक यात्रियों और कर्मचारियों को बंधक बनाये जाने की आशंका है। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, जाफर एक्सप्रेस पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी, तभी बलूचिस्तान में उस पर भीषण गोलीबारी हुई जिसमें पाकिस्तानी सेना के 6 जवान मारे गए।



समाचार के अनुसार, प्रांतीय सरकार ने स्थानीय अधिकारियों को तत्काल आपातकालीन उपाय करने का निर्देश दिया है। एआरवाई न्यूज के अनुसार, ट्रेन के ड्राइवर को गंभीर चोटें आईं। पाकिस्तान के समा टीवी ने कहा कि रेलवे अधिकारियों के अनुसार, 9 कोच वाली जाफर एक्सप्रेस में सवार 450 यात्रियों और कर्मचारियों से कोई संपर्क स्थापित नहीं हो पाया है। ट्रेन सुबह 9 बजे क्वेटा से रवाना हुई।

एक बयान में बलूच लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि जफ्फर एक्सप्रेस पर कब्जे के बाद बीएलए ने पाकिस्तानी सेना के जमीनी हमले को पूरी तरह से विफल कर दिया है। भीषण झड़पों के बाद, पाकिस्तानी जमीनी सैनिकों को पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा, लेकिन हेलीकॉप्टरों और ड्रोनों से हवाई हमले बेरोकटोक जारी हैं। इसमें आगे कहा गया है कि यदि हवाई बमबारी तत्काल नहीं रोकी गई तो पाकिस्तान द्वारा सैन्य बचाव अभियान शुरू करने की स्थिति में सभी 100 से अधिक बंधकों को मार दिया जाएगा।

घटना के बाद, बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा, क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर पेहरो कुनरी और गदालार के बीच तीव्र गोलीबारी की खबरें हैं। नौ डिब्बों में लगभग 500 यात्रियों को ले जा रही ट्रेन को पेहरो कुनरी और गदालार के बीच सुरंग संख्या 8 में हथियारबंद लोगों ने रोक लिया।

डॉन के अनुसार, घटना के बाद सिबी अस्पताल में आपातकाल घोषित कर दिया गया है तथा एम्बुलेंस और सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। हालांकि, बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि चट्टानी इलाका होने के कारण अधिकारियों को घटनास्थल तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बयान में आगे कहा गया, रेलवे विभाग ने बचाव कार्य के लिए घटनास्थल पर और ट्रेनें भेज दी हैं। घटना के पैमाने और आतंकवादी तत्वों की संभावना का पता लगाया जा रहा है। बलूचिस्तान सरकार ने आदेश दिया है कि आपातकालीन उपाय किए जाएं और सभी संस्थाएं सक्रिय रहें।

स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता डॉ. वसीम बेग के अनुसार, क्वेटा के सिविल अस्पताल में भी आपातकाल घोषित कर दिया गया है। बेग ने कहा सभी कंसल्टेंट, डॉक्टर, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ को अस्पताल में बुलाया गया है। पिछले वर्ष पाकिस्तान रेलवे ने डेढ़ महीने से अधिक समय तक निलंबन के बाद 11 अक्टूबर से क्वेटा और पेशावर के बीच रेल सेवाएं बहाल करने की घोषणा की थी।

# कुख्यात अपराधी अमन साहू पुलिस मुठभेड़ में ढेर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** झारखंड का कुख्यात अपराधी अमन साहू मंगलवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। उसे छत्तीसगढ़ के रायपुर से एनआईए केस के सिलसिले में राँची लाया जा रहा था। पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में घटना हुई। एसटीएस (स्पेशल टास्क फोर्स) जवान भी जख्मी हुआ है। जिले की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी कुछ देर बाद दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक के अनुसार एनआईए केस के सिलसिले में अमन साहू को छत्तीसगढ़ के रायपुर से रांची लाया जा रहा था। चैनपुर थाना क्षेत्र में पहुंचने पर घात लगाकर अपराधियों ने पुलिस गाड़ी पर पहले बम फेंका, फिर फायरिंग की। इसी क्रम में अमन साहू एक एसटीएस जवान से इंसास राइफल छीन कर भागने लगा। भागने के दौरान जवान पर गोली चला दी। इस हमले में जवान घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमन साहू को ढेर कर दिया। घायल जवान को अस्पताल ले जाया गया है।



पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा एजेंसियां भी घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही हैं। इधर, जानकारी मिली है कि चैनपुर-रामगढ़ के बीच आने जाने वाले वाहनों को रोक दिया गया है। बॉडी लेने के लिए एंबुलेंस भेजी गई है। जरूरी प्रक्रिया पूरी कर डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में लाया जाएगा।

## कानून को चुनौती देने वाले का यही हश्र होगा : बाबूलाल मरांडी



**रांची :** झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव मंगलवार को मुठभेड़ में मारा गया। इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड पुलिस की ओर से एक कुख्यात अपराधी का एनकाउंटर प्रदेश में आपराधिक साम्राज्य चलाने वालों के लिए कड़ा संदेश है। विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में मरांडी ने कहा कि जो कानून को चुनौती देगा, उसका यही हश्र होगा। जनता की सुरक्षा और शांति के लिए ऐसे अपराधियों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पुलिस प्रशासन को इसी दृढ़ता से अपनी कार्रवाई जारी रखनी चाहिए। वहीं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने इस मामले में सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि डीजीपी पहले ही स्वीकार कर चुके हैं कि जेल से सबकुछ संचालित हो रहा है तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। आप अमन साव को कस्टडी में ला रहे थे तो फिर एनकाउंटर की बात कहां से आ गई। उन्होंने कहा कि सीबीआई से मामले की जांच होनी चाहिए।

# कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का दिया निर्देश

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ा कानूनी झटका देते हुए दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस को उनके और अन्य के खिलाफ दिल्ली में बड़े होर्डिंग लगाने में जनता के पैसे के कथित दुरुपयोग से संबंधित मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया।




पीटीआई के अनुसार, 2019 में दर्ज की गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि केजरीवाल, तत्कालीन मटियाला विधायक गुलाब सिंह (आप) और तत्कालीन द्वारका ए वार्ड पार्षद नितिका शर्मा ने क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जानबूझकर बड़े आकार के होर्डिंग लगाकर जनता के पैसे का दुरुपयोग किया।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने कहा, इस न्यायालय का विचार है कि धारा 156(3) सीआरपीसी के तहत आवेदन स्वीकार किए जाने योग्य है। तदनुसार, संबंधित एसएचओ को दिल्ली संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 2007 की धारा 3 के तहत तत्काल एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया जाता है और मामले के तथ्यों से ऐसा प्रतीत होता है कि कोई अन्य अपराध किया गया है। केजरीवाल वर्तमान में कथित दिल्ली शराब नीति घोटाले से संबंधित एक मामले में जमानत पर बाहर हैं। उन्हें 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी हार का सामना करना पड़ा, जिसमें उनके अपने निर्वाचन क्षेत्र नई दिल्ली भी शामिल है।

## बजट सत्र : राजस्व विभाग का 7.58 अरब की अनुदान मांग स्वीकृत

**रांची :** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान मंगलवार को भोजनावकाश के बाद राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग का 07 अरब, 58 करोड़, 97 लाख, 31 हजार रुपये की अनुदान मांग की स्वीकृति दी गई। इस दौरान विपक्ष सदन से अनुपस्थित रहा। इसलिए विपक्ष की ओर से लाया गया कटौती प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया। विपक्ष की ओर से अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव को विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रखा था। विभागीय मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि राज्य सरकार भूमि का व्यावसायिक इस्तेमाल करने पर टैक्स लगाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि राज्यों में दाखिल-खारिज कराने को लेकर समस्याएं हो रही हैं। इसे लेकर विभाग की ओर से अधिकारियों को कहा गया है कि दाखिल-खारिज का यदि कोई मामला का रिजेक्ट किया जाता है तो उस पर 50 शब्दों की टिप्पणी जरूर दें। मंत्री ने कहा कि राज्य में पेसा कानून के तहत जमीन को संरक्षित करने का प्रयास राज्य सरकार कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण कानून के तहत प्रावधान था कि यदि कोई उद्योगपति अधिग्रहित जमीन का उपयोग नहीं करता है तो पांच वर्षों के भीतर उसे रैयत को लौटाने का प्रावधान था, जबकि भाजपा शासन के दौरान इस जमीन को भी लैंड बैंक में डाल दिया गया।

# शादी समारोह से लौट रहे तीन युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर में मंगलवार को एक स्कार्पियो ने खड़े ट्रक में टक्टर मार दी, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों में बरिष्ठ भाजपा नेता बास्को बेसरा के बड़े पुत्र अग्नि बेसरा भी शामिल है। इस हादसे में मृतकों की पहचान पश्चिमी सिंहभूम (जमशेदपुर) सुजीत कुमार सिंकू(20), पृथ्वी कुमार सहदेव (17) और सरायकेला-खरसांवा निवासी अग्नि बेसरा (25) के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार अहले सुबह करीब 03 बजे जमशेदपुर से आ रही स्कॉर्पियो ने रामलखन सिंह कॉलेज के पास खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल भेजा गया। भाजपा नेता बास्को बेसरा ने बताया कि पुत्र अग्नि बेसरा रांची एक्सआईएसएस जेवियर कॉलेज रांची में एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। सोमवार देर रात एक शादी समारोह से शिरकत कर अपने दोस्तों के साथ गम्हरिया लौट रहा था। इसी दौरान सड़क दुर्घटना में बड़े पुत्र समेत दो दोस्तों की मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि 04 अगस्त 2023 को चांडिल के कांदरबेड़ा के पास सड़क हादसे में बास्को बेसरा के छोटे पुत्र अनमोल बेसरा एवं उसकी साथी अनन्या वर्मा की मौत हो गई थी।

सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। परिजनों की मामले की सूचना दे दी गयी है। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

## एक नजर

### विस्थापित प्रभावित क्षेत्र में कंपनी करे पेयजल की सुविधा : विधायक

**बड़कागांव :** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड में एनटीपीसी एवं रामगढ़ जिले के सीसीएल के खनन क्षेत्रों में उत्पन्न जल समस्या को लेकर सदन में आवाज उठाया। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि कोल कंपनियां के खनन की वजह से जल स्तर में भारी गिरावट के कारण फरवरी-मार्च से ही पेयजल संकट गहरा गया है। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, बावजूद इसके एनटीपीसी और सीसीएल द्वारा कोई प्रभावी जलापूर्ति योजना संचालित नहीं की जा रही है। अतः सरकार से आग्रह है कि खनन प्रभावित विस्थापित गांवों में पेयजल आपूर्ति योजना स्वीकृत की जाए और वर्तमान गर्मी के मौसम में एनटीपीसी और सीसीएल के द्वारा आवश्यक सेवा के तहत जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### समाधान भवन में मनाया गया होली मिलन समारोह

**बड़कागांव :** बरवाडीह में स्थित समाधान भवन में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेष वनचौबे की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कांग्रेसी कार्यकताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, होली गीत गाया एवं स्वादिष्ट पकवान का खूब मजा लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने प्रखंड वासियों से कहा कि होली भाईचारे का त्यौहार है लोग आपस में मतभेद नहीं बल्कि भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक मनाएं। कोई कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू ने लोगों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं सभी समुदाय से मिलजुलकर शांतिपूर्वक होली मनाने की अपील की। मौके पर चंदर साहू , गौतम कुशवाहा, कुलेश्वर राम, प्रभु राम, सतीश दास लोगों में मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बरही अनुमंडल के पत्रकारों ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**बरही :** बरही अनुमंडल के पत्रकारों ने होली के शुभ अवसर पर सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बरही प्रखंड परिसर स्थित एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में बरही, चौपारण, बरकट्ठा और पदमा क्षेत्र के कई पत्रकारों ने हिस्सा लिया और एकजुट होकर रंगों के इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। मुख्य अतिथि के रूप में कोबरा बरही 203 के डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ ही बरही बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, संजय दुबे, भामाशाह प्रधानाध्यापक रजनीश पाण्डेय, राजेन्द्र रुखरियार, महेंद्र दुबे एवं उनके प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता जैसे गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा, कई मुखिया और प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें मुखिया मंगलदेव यादव, गोविंद साव, राजन ओम, मंजीत यादव, मनोहर यादव, रोहित यादव और मनोज केशरी, सचिन कुमार प्रमुख रूप से शामिल थे।

# एनटीपीसी के डीजीएम हत्या मामले में जांच के लिए हजारीबाग पहुंचे डीजीपी, की उच्च स्तरीय बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्या शनिवार को हजारीबाग के फतहा चौक पर दिन दहाड़े गोली मार कर कर दी गई थी। घटना को अंजाम देकर हमलावर फरार हो गए थे। घटना के चार दिन बीतने के बाद भी पुलिस के हांथ खाली है। हमलावरों की धर पकड़ के लिए एएसपी अमित कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का भी गठन की या गया है। फिर भी हमलावर पुलिस पकड़ से बाहर है। घटना के चौथे दिन झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता हजारीबाग पहुंचे। यहां डीआईजी और एसपी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ हाई लेबल मीटिंग की। मीटिंग के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मीडिया को बताया कि हजारीबाग आने का उद्देश्य है कि गत दिन पूर्व एक बड़ा दुखद घटना घटी थी। एनटीपीसी के एक पदाधिकारी को गोली मार कर हत्या कर दिया गया था। आज आने का मुख्य मकसद यह जानना है कि किन लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। इसके अलावा यह भी जानना है कि एनटीपीसी के अन्य पदाधिकारी जो यहां कार्यरत है उनकी क्या समस्या है। हमारे पुलिस कर्मी कैसे अपने काम को बेहतर कर सकते हैं। इस घटना के बाद हमारे पुलिस के पदाधिकारी हमलावरों के धरपकड़ में लगे है। एसपी और अन्य पदाधिकारी हमलावरों को पकड़ने और घटना को अंजाम देने वालों को पकड़ने में लगे हैं। दुर्भाग्यवश अभी तक सफलता हाथ नहीं लगी है, लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूं कि जल्द हमलावर पुलिस की पकड़ में होंगे। हमलोग इसको देख रहे हैं कि आखिर वो कौन लोग है जो ऐसे घटना को अंजाम दे रहे हैं। आगे कहा कि यह बात सही है कि हजारीबाग में कोल माइंस कंपनी के कर्मी पर हमले हुए। कुमार गौरव जिनकी हत्या हुई है उनके हत्या का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है। यह घटना क्यों अपराधियों द्वारा किया गया। अपराध हमारे लिए चैलेंज है। हम एनटीपीसी कंपनी के कर्मियों से वादा करते हैं कि जल्द हमलावर गिरफ्तार होंगे और मामले का खुलासा होगा। अभी तक की जांच में यह बाते सामने नहीं आया कि हत्या का कारण क्या है। मगर पुलिस मामले की जांच हर एंगल से कर रही है। सीसीटीवी और टेक्निकल सेल से मदद लिया जा रहा है। हमारा एकमात्र उद्देश्य है कि राज्य का हर एक नागरिक सुरक्षित ही। उसको सुरक्षा देना ही हम सबों की ड्यूटी है। झारखंड को अपराध मुक्त बनाना है। अमन साहू इनकाउंटर मामले पर पूछे जाने पर बताया कि घटना घटी है, अमन साहू इनकाउंटर में मारा गया है। पुलिस का एक जवान भी घायल हुआ है। एटीएस के एसपी को पलामू घटना स्थल पर भेजा गया है। साथ ही स्थानीय एसपी को घटना की पूरी जानकारी लेने के बोला है। जैसे सारी जानकारी प्राप्त होती है आप तक पहुंचाएंगे।

## सांसद के मेडिकल कॉलेज अस्पताल निरीक्षण का दिखा असर, जनहित में हुए कई बदलाव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के सदर अस्पताल/ मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर निरंतर गंभीर और सक्रिय रहने वाले हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बीते शुक्रवार को अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था और अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अनुकरण पूर्ति, उपाधीक्षक डॉ. ए.के.सिंह से मिलकर अस्पताल की कुव्यवस्था पर कई सवाल खड़े किए थे। सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा किए गए सवालों पर अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी घिरते नजर आए थे। सांसद मनीष जायसवाल ने जनहित में अस्पताल परिसर में अधिष्ठापित दो पीएसए ऑक्सीजन प्लांट वर्षों से बंद होने, पंजीकरण काउंटर में मेन पावर की कमी, विभिन्न वार्डों में बेडशीट, कम्बल, व्हील चेयर, स्ट्रेचर के लिए मरीजों के परिजनों से मोबाइल या 100 रुपए जमा कराए जाने, विभिन्न वार्डों में कैथेटर लगाने, ड्रेसिंग करने सहित अन्य सुविधाओं के लिए मनमानी वसूली किए जाने, रविवार की रात को अस्पताल का जांच घर कार्य नहीं करने, हॉस्पिटल में सीनियर डॉक्टर दूसरी पाली के ओपीडी और विशेषकर रात्रि में उपलब्ध नहीं रहने, लेबर रूम में मनमानी वसूली किए जाने, अस्पताल का अल्ट्रासाउंड अब तक चालू नहीं किए जाने, पोस्टमार्टम में देरी एवं चिकित्सकों की मनमानी के कारण कईबार मुर्दों के साथ परिजनों को घंटे इंतजार कराए जाने, ब्लड बैंक का प्लाज्मा सेपरेशन का कार्य शुरू नहीं हो पाने और हॉस्पिटल कैम्पस में कर्मियों द्वारा व्यसन का सेवन किए जाने सहित अन्य मामलों पर गंभीरता से सवाल उठा और इस पर लिखित जवाब मांगा। जरूरतमंद मरीजों के हितार्थ जमीनी हकीकत से रूबरू कराते सांसद मनीष जायसवाल के इन सवालों के उठाए जाने के बाद अस्पताल प्रबंधन और यहां के कर्मियों में हड़कंप मच गया। सांसद मनीष जायसवाल के जरूरतमंद मरीजों के हित में सक्रियता और सजगता का प्रतिफल हुआ की उनके अस्पताल निरीक्षण के कुछ ही घंटे बाद अस्पताल प्रबंधन हरकत में आया और तत्काल उन्हें लिखित जवाब भेजा साथ ही उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर पहल करते हुए सुधार की गई।

## पीने के पानी की बर्बादी रोके नगर निगम नहीं तो होगा आंदोलन : सीटू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (सी पी आई एम) के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने नगर निगम, हजारीबाग के नगर आयुक्त को पत्र लिखकर मांग किया है कि इंद्रपुरी चौक और मेंन रोड टावर नंबर 1 के पास छडवा डैम से सप्लाई होने वाली पानी का पाइप गंभीर रूप से लिक कर गया है जिससे हजारों लीटर स्वच्छ पीने का पानी प्रतिदिन बर्बाद हो रहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि इंद्रपुरी चौक के पास मोटी वाली पाइप चार दिन पहले लिक की है और मेंन रोड, टावर नंबर एक के पास एक माह से अधिक से पाइप लीक है। सुबह जब शहर में पानी का सप्लाई किया जाता है उस वक्त दोनों जगह से काफी मात्रा में पानी लीक हो कर के बर्बाद हो जाता है। पूरे शहर को पानी सप्लाई करने के लिए मात्र एक डैम है छठवा डैम और अब गर्मी आ रहा है जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी छड़वा डैम का जलस्तर लगातार नीचे गिरता जाएगा और ऐसे समय में स्वच्छ पीने का पानी को बचाने के बजाय बर्बाद करना जघन्य अपराध है। इसकी मौखिक सूचना कई बार विभाग को दिया गया जब ठीक नहीं हुआ तो नगर आयुक्त को पत्र लिखा गया है। सीटू और पार्टी जिला कमिटी सदस्य तपेस्वर राम भुइया, इश्वर महतो, सुरेश कुमार दास ने कहा है कि इस मामले में तत्काल कार्रवाई नहीं होती है तो पानी के बबार्दी के खिलाफ पार्टी जिला कमेटी संघर्ष करेगी. पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त, हजारीबाग को भी दिया गया है।

## ड्रग्स बेचने वालों पर विशेष लगाम लगाने की जरूरत है : रंजीत कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** होली और ईद को लेकर बड़कागांव थाना में शांति समिति बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल और मंच संचालन उमेश दांगी ने किया। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि सभी लोग भाईचारे के साथ त्योहार मनाए। देव में दूसरे को सहयोग करें ।वहीं थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि होली त्यौहार में जबरदस्ती किसी को रंग नहीं लगाये। शांतिपूर्वक से त्योहार मनाएं कोई शिकायत का मौका नहीं दें ,अफवाह एवं गड़बड़ी करने वाले शरारती तत्वों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दुर्घटना को रोकने के लिए प्रत्येक दिन बाइक चेकिंग होती है। अपने नाबालिक बच्चों को मोटरसाइकिल चलाने या गलत काम करने से रोके। रंजीत कुमार ने कहा कि सभी प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में ध्यान दें जिससे कोई भी घटना दुर्घटना ना हो ।ड्रग्स बेचने वाले लोगों पर लगाम लगाने की जरूरत है। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, मंडल, थाना प्रभारी नमेधारी रजक, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, वासुदेव यादव, मुख्य प्रतिनिधि भीखन महतो, दीपक दास, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, उपेंद्र कुमार, प्रभु राम, कृष्णा राम, समाजसेवी झमन प्रसाद, समाजसेवी रामसेवक सोनी, प्रभु राम, मेवालाल नाग ठाकुर,घनश्याम कुमार, सुमन गिरी, छावनिया सदर मोहम्मद अफवान, मोहम्मद जानिसार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अधिष्ठापित अत्याधुनिक मॉड्यूलर गायनी ओटी का उपायुक्त ने किया उद्घाटन


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अधिष्ठापित अत्याधुनिक मॉड्यूलर गायनी ओटी के नव निर्मित प्रसव कक्ष का उपायुक्त नैंसी सहाय ने उद्घाटन किया। इस दौरान उप विकास इश्तियाक अहमद, हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक, पर्सनेल, (सीसीएल) एवं सिद्धार्थ शंकर लाल, जीएम, सीएसआर, सीसीएल भी रहे मौजूद रहे। नए ट्रॉमा सेंटर में निर्मित मॉड्यूलर गायनी ओटी उपायुक्त के प्रयासो से संभव हो सका है। यह अत्याधुनिक प्रसव कक्ष सीएसआर मद से सीसीएल द्वारा 2.21 करोड़ रु की लागत से निर्मित हुआ है। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रसव गृह को उच्चस्तरीय आधुनिक सुविधाओं के साथ सौ फीसदी संक्रमण मुक्त शल्य चिकित्सा के निमित्त अधिष्ठापित कराया गया है। उपायुक्त ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस गायनी ओटी के क्रियाशील होने से मेडिकल कॉलेज के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ है। इससे जिले तथा आस पास के महिलाओं के लिए उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। उपायुक्त हजारीबाग ने अत्याधुनिक मॉड्यूलर गायनी ओटी को जिलेवासियों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराया है। उद्घाटन के पहले ही दिन एक महिला का सफल प्रसव हुआ, गूंजी किलकारी शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में आज मॉड्यूलर गायनी ओटी के उद्घाटन के पश्चात एक स्थानीय महिला की शल्य चिकित्सा प्रक्रिया प्रारंभ हुई, मेडिकल कॉलेज के कुशल चिकित्सकों द्वारा सफल प्रसव कराया गया उक्त महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया है।

# डीएमटी फंड का शीघ्र उपयोग कर सभी लंबित योजनाओं को पूरा किया जाए : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** सदन में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने डीएमटी फंड के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया उन्होंने कहा की झारखंड में जनहित और विकास कार्यों में सरकार की उदासीनता निरंतर उजागर हो रही है। राज्य के खनन क्षेत्रों के निवासियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए गठित डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड ट्रस्ट का समुचित उपयोग न होने के कारण हजारों योजनाएं अधर में लटकी हुई हैं। विधानसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में सरकार ने स्वीकार किया कि झारखंड को अब तक डीएमटी फंड के तहत कुल रु 15145.0141 करोड़ प्राप्त हुए हैं। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से इसमें से मात्र रु 10485.3376 करोड़ ही खर्च किए गए हैं, जबकि रु 4659.6765 करोड़ की बड़ी राशि आज भी उपयोग के इंतजार में पड़ी है। इतना ही नहीं,डीएमटी फंड के तहत स्वीकृत 25622 योजनाओं में से केवल 15761 योजनाएं ही पूर्ण हुई हैं। शेष योजनाओं में से कई अधूरी हैं, जबकि 729 योजनाएं रद्द कर दी गई हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है क्योंकि डीएमटी फंड का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को बुनियादी सुविधाएं और बेहतर जीवन स्तर प्रदान करना है। केवल खनन क्षेत्र ही नहीं, बल्कि झारखंड के धार्मिक स्थलों की उपेक्षा भी साफ दिखाई दे रही है। हजारीबाग जिले का प्रसिद्ध नृसिंह स्थान मंदिर,जो एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल है, आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यहां प्रतिवर्ष होने वाले भव्य मेला और सालों भर विवाह जैसे आयोजन इसे सांस्कृतिक रूप से भी बेहद महत्वपूर्ण बनाते हैं। बावजूद इसके, सरकार द्वारा इस स्थल के विकास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हालांकि, सरकार ने स्वीकार किया है कि नृसिंह स्थान मंदिर को श्रेणी-सी पर्यटन स्थल के रूप में अधिसूचित किया गया है और इसके लिए प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। लेकिन अब तक इसकी स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे साफ है कि सरकार की योजनाएं केवल कागजों पर सीमित हैं। डी.एम.टी फंड का शीघ्र उपयोग कर सभी लंबित योजनाओं को पूरा किया जाए। हजारीबाग स्थित नृसिंह स्थान मंदिर के आधुनिकीकरण के लिए ठोस कार्य योजना बनाई जाए ताकि इस महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल को राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों में उचित स्थान मिल सके। लंबित योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को मॉनिटरिंग का अधिकार प्रदान किया जाए ताकि योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### झरपो में डेंटल कॉलेज और मिशन होस्पिटल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन मंगलवार को झरपो में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 89 मरीज का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, दांत एंव आरबीएस सहित सामान्य स्वास्थ्य संबंधित जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय लोगों ने सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एंव डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य हर जरूरतमंद को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाना है। शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। वर्तमान दौर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों की परेशानीयों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह निशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। इस विशेष पहल से कई जरूरतमंदों को अनुभवी चिकित्सकों से उपचार कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। अस्पताल एवं कॉलेज परिवार की आगे भी कोशिश रहेगा की यह मुफ्त शिविर जगह-जगह पर जारी रहे और जरूरतमंद शिविर से लाभान्वित हो। मौके पर स्थानीय लोगों कहा कि वाकई मे स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज काफी अच्छा पहल है। इससे गरीब परिवार एवं माध्यमिक परिवारों को काफी राहत मिल रहा है। उन्होंने मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज परिवार का सरहाना किया।

### नियमित परिश्रम और उचित मार्गदर्शन सफलता का आधार : डॉ मुनीष गोविंद




**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के परफॉर्मिंग आर्ट्स की सहायक प्राध्यापिका कुमारी सीमा के नेतृत्व में बीते तीन से सात मार्च के बीच नोएडा स्थित अमिटी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 38वां एआईयू यूथ फेस्टिवल में भाग लेने पहुंचे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने दो मेडल अपने नाम कर लिए। बता दें कि इससे पूर्व कोलकाता में आयोजित 38वां एआईयू ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने पांच पदक अपने नाम कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया था। इसी के बाद कार्टूनिंग में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट्स के विद्यार्थी कृष्ण कुमार दांगी और रंगोली में निधि कुमारी को नेशनल यूथ फेस्टिवल के लिए आमंत्रित किया गया था, जहां बेहतर प्रदर्शन करते हुए निधि ने रंगोली में कांस्य तो कार्टूनिंग में कृष्ण कुमार दांगी ने रजत पदक जीतने में कामयाबी हासिल की। इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विद्यार्थियों के समावेशी विकास को आधार बनाकर विश्वविद्यालय जिस प्रकार आगे बढ़ रहा है, उसी का परिणाम है कि यहां के विद्यार्थी शिक्षा के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल यूथ फेस्टिवल में पहली बार आईसेक्ट विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और दोनों पदक हासिल करने में कामयाब रहे, इससे विद्यार्थियों के लगनशीलता भी साफ तौर पर प्रदर्शित होता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने सफल विद्यार्थियों के साथ साथ सभी प्राध्यापक -प्रध्यापिकाओं व कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक सहित अन्य गतिविधियों को लेकर अनुकूल वातावरण तैयार करने में सभी का योगदान रहा है।

### होली मिलन समारोह में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता हुईं शामिल

**हजारीबाग :** रंगोत्सव के पर्व होली के शुभअवसर पर शहर के डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित झारखंड वैश्य संघर्ष मोर्चा कार्यलय में आयोजित होली मिलन समारोह में मंगलवार को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई। इस अवसर झारखंड वैश्य संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने संयुक्त रूप से उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने महिलाओं को अबीर एवं गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वरीष्ठ नागरिकों को अबीर- गुलाल के साथ चरण स्पर्श कर शुभ आशिर्वाद प्राप्त की। इस अवसर होली मिलन समारोह में जमकर गुलाल उडाया गया। होलियाना अंदाज में लोग खुब झुमे एवं स्वादिष्ट पकवान व व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस दौरान एकजुटता एवं समाजिकता का उदाहरण पेश किया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली मिलन समारोह के माध्यम से लोगों को एकत्रित कर सामाजिक संबंधों को मजबूती प्रदान करता है। झारखंड वैश्य संघर्ष मोर्चा को एकजुटता प्रदान हुआ है। उन्होंने ने मोर्चा को एक नई दिशा में कार्य करने का भरोसा जताया। मौके पर झारखंड वैश्य संघर्ष मोर्चा के हेमराज कुमार साव, सुदेश चंद्रवंशी, उदय साव, विजय साव, अजय साव, उगेश्वर साव, श्याम किशोर गुप्ता, राम किशोर स्वन्त, रेणुका कुमारी सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

### मचान में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**बड़कागांव :** हजारीबाग रोड स्थित पंकरी बरवाडीह मनोज साव पिता दुलारचंद साव के मचान में अचानक आग लग गई। आग बुझाने में ग्रामीणों ने भरपूर सहयोग किया। वहीं इसकी सूचना दमकल विभाग को दी तत्पश्चात अग्निशमन वाहन द्वारा मचान पर लगी आग पर पूरी तरह काबू कर ले गई। जिससे हजारों हजार रुपए का नुकसान हुआ। समय रहते आग पर काबू नहीं होने पर आसपास के घरों को काफी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही थी। मचान में आग लगने से पुआल जलकर राख हो गया।

### मां विन्ध्यवासिनी कालेज ऑफ एजुकेशन में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**पदमा :** पदमा प्रखंड स्थित महा विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन के प्रांगण में महाविद्यालय परिवार जिसमें, प्रबंधन के अधिकारीगण, प्राचार्य, प्राध्यापकगण, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं विभिन्न संकाय के प्रशिक्षुओं ने मिलकर रंगारंग कार्यक्रम के साथ स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लेते हुए हर्षोल्लास के वातावरण में जमकर होली मनाया। मौके पर प्राचार्ज डॉ. चेतलाल प्रसाद ने कहा कि जिस प्रकार प्रत्येक रंग का अपना महत्व है, रंगों का यह महापर्व होली समाज के प्रत्येक वर्ग में सामंजस्य के महत्व पर जोर देता है। संस्थाध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार मेहता ने होली के महत्व को बताते हुए महाविद्यालय परिवार के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं व्यक्त किया।

# रिम्स के डॉक्टरों को जल्द मिलेगी पदोन्नति : इरफान अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 08 मिनट पर शुरू हुई। सदन में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जीबी की बैठक बुलाकर रिम्स के डॉक्टरों को जल्द ही पदोन्नति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में पदोन्नति में विसंगतियां हुई है, इसे वह स्वीकार करते हैं। इसके लिए उन्होंने फाइल भी मंगाया है। अब जीबी की बैठक बुलाकर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। डॉक्टर अंसारी कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप के ध्यानाकर्षण का जवाब दे रहे थे। विधायक कच्छप का कहना था कि डॉक्टरों को



पदोन्नति नहीं मिलने से पूर्व में जो पदोन्नति दी गई उसमें भारी गड़बड़ी हुई है। 60 साल की उम्र के बाद ज्वाइन करने वाले डॉक्टर पदोन्नति नहीं मिलने के कारण जूनियर हो गए हैं और नियमित डॉक्टर जिन्हें सीनियर चिकित्सकों ने पढ़ाया है वह जूनियर हो गये। कच्छप ने राज्य के ही विशेषज्ञ चिकित्सकों को रिम्स डायरेक्टर बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले डायरेक्टर कार्यकाल पूरा किए बगैर बीच में ही चले जाते हैं इससे रिम्स की व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता है।

**हजारों एकड़ भूमि को फ्री होल्ड किया जाएगा: दीपक बिरुवा**

भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि खासमहल की हजारों एकड़ जमीन को जल्द ही फ्री होल्ड किया जाएगा। उन्होंने सदन में बताया कि खासमहल की जमीन को रैयतों के नाम करने के लिए सदस्य राजस्व परिषद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की 3-4 बैठके हो चुकी हैं। अब अंतिम बैठक के बाद 45 दिनों के अंदर निर्णय ले लिया जाएगा। इससे पूर्व भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सरकार से जानना चाहा था कि जो लोग बरसों से खासमहल की जमीन पर रह रहे हैं उन्हें उस जमीन का मालिकाना हक क्यों नहीं दिया जा रहा। चौरसिया का कहना था कि डाल्टनगंज में बड़ी संख्या में लोग खासमहल की जमीन पर रहते आए हैं। राज्य के अन्य जिलों में भी यही स्थिति है लेकिन उन्हें जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल रहा है। वह अपना घर नहीं बना पा रहे हैं। जो घर बना चुके हैं उन्हें परेशान किया जा रहा है। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का भी कहना था कि कृषि योग्य भूमि पर भी रैयतों का 100 वर्ष से अधिक का कब्जा है लेकिन सरकार सड़क निर्माण व अन्य कार्यों के लिए जब भूमि अधिग्रहित करती है तो उसे सरकारी जमीन बता कर कोई मुआवजा नहीं देती है। राज्य में इससे हजारों लोग परेशान हैं।

## एक नजर

### शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची स्टेशन से शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में दीपु कुमार और कुंदन कुमार शामिल है। दोनों बिहार के पटना के रहने वाले हैं। एएसआई रवि शेखर ने मंगलवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर शराब तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आरपीएफ ने 23 शराब की बोतल जब्त की। बरामद शराब की कीमत 19 हजार 600 रुपये है। दोनों ने पूछताछ में बताया कि यह शराब रांची से खरीदकर बिहार ले जाकर अधिक दाम पर बेचने के लिए ले जा रहे थे। इसके बाद, सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए आरपीएफ टीम ने जब्त शराब और गिरफ्तार आरोपितों को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

### अमन साव प्रकरण में चंपाई सोरेन पड़े अकेले बीजेपी में दो फाड़

**रांची :** गैंगस्टर अमन साव के एनकाउंटर के बाद एक तरफ झारखंड सरकार के नेता और मंत्री अपनी पीठ थपथपाते नजर आ रहे हैं। वहीं भाजपा के नेता, विधायक भी इस एनकाउंटर की सराहना कर रहे हैं। विपक्ष के नेता बाबूलाल मराड़ी और विधायक सीपी सिंह ने कहा कि अमन साव मामले में पुलिस के कदम की सराहना होनी चाहिये। वहीं, भाजपा विधायक चंपाई सोरेन के बयान से अब भाजपा ने खूद को किनारे कर लिया है। दरअसल एक तरफ जब पूरी भाजपा इस एनकाउंटर की तारीफ कर रही है, वहीं चंपाई सोरेन ने इस मामले पर पार्टी के बाकी नेताओं से अलग स्टैंड रखा। उन्होंने इस एनकाउंटर पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होने कहा कि ये एनकाउंटर गलत है। अमन साव से अगर पूछताछ की जाती तो कई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती थी। लेकिन उसका एनकाउंटर कर दिया गया। उन्होंने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। भाजपा के प्रवक्ता अजय साह ने बताया कि इस मामले पर भाजपा अपने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान के साथ खड़ी है। वहीं चपाई सोरेन के बयान से भाजपा किनारा करते नजर आई। उन्होंने बताया कि जब भी कोई एनकाउंटर होता है तो उसपर एक रिपोर्ट जमा की जाती है। ऐसा नहीं है कि पुलिस किसी को मार गिराए और उसपर कोई जांच न हो।

### खनन वाली जमीन पर सेस लगाएगी सरकार आज कैबिनेट में आ सकता है प्रस्ताव

**रांची :** राजस्व बढ़ाने को लेकर हर तरफ कोशिश कर रही झारखंड सरकार खनन वाली जमीन पर सेस लगाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ गयी है। खान विभाग ने इस आशय का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। 12 मार्च को होनेवाली कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव पर स्वीकृति लिए जाने की उम्मीद है। सेस लगने से राज्य सरकार को प्रति वर्ष तीन से चार हजार करोड़ के अतिरिक्त राजस्व प्राप्ति की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में राज्यों को सेस लगाने का अधिकार दिया था। इसके बाद 2024 के मानसून सत्र में झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर अधिनियम को पास किया गया था। इस पर राज्यपाल संतोष गंगवार की भी मंजूरी मिल चुकी है। अब नियमावली पर कैबिनेट की मंजूरी मिलने से सरकार अगले वित्तीय वर्ष से अतिरिक्त सेस की वसूली कर सकेगी। यहां मालूम हो कि मुख्यमंत्री मंईयां योजना के मद में भारी-भरकम राशि के खर्च होने के कारण राज्य सरकार राजस्व बढ़ाने की दिशा में अलग अलग तरह से प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार कल की कैबिनेट में सड़क व अन्य विभागों की भी एक दर्जन से अधिक योजनाओं और प्रस्तावों पर मंजूरी मिलेगी।

# राज्य में म्यूटेशन के 78500 मामले पेंडिंग : आलोक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बजट सत्र में मंगलवार को भोजनवकाश के बाद भाजपा विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि राज्य में म्युटेशन और दाखिल-खारिज को लेकर भारी समस्या है। उन्होंने कहा कि राज्य में अब तक 78500 मामले म्यूटेशन से संबंधित मामले पेंडिंग हैं। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय लूट का अडडा बना हुआ है। यहां बिना पैसा का कोई काम नहीं होता है। ऑनलाइन काम के लिए भी लोगों से पैसे की मांग की जाती है। उन्होंने कहा कि पैसा मांगने की वजह पूछने पर अधिकारी कहते हैं कि उपर में पैसा देकर आए हैं तो पैसे देने पड़ेंगे। सभी काम के लिए रेट तय है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी के एक नेता की श्रीकृष्णन संस्था की ओर से उनके इलाके में चेरो जनजातियों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है।

**स्टीमेट बढ़ाकर अधिकारी और अफसर बढ़ा रहे रेट**

विधायक ने सड़क निर्माण में ठेकेदार और अफसरों की ओर से मिली भगत कर स्टीमेट बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि योजना में देरी से स्टीमेट में कुछ राशि बढ़ जाती है, लेकिन कई अनावश्यक वजहों से भी स्टीमेट बढ़ाकर सरकारी पैसे की लूट हो रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से ट्रैक्टर में जबरन बालू डालकर वसूली हो रही है। उन्होंने 114 करोड़ रुपए के चैनपुर-लोहरसी सड़क का निर्माण कैबिनेट में लाकर कराने की मांग सरकार से की। विधायक ने कहा कि खान विभाग में कोयले की लूट को लेकर हत्याएं हो रही हैं। उन्होंने सरकार पर राज्य के लोगों को खनन लीज नहीं देने का आरोप लगाया। विधायक ने कहा कि पैसे के बूते खनन की लीज बाहरी लोगों को दी जा रही है। वहीं भाजपा विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि उनके क्षेत्र में अपराधी खुलेआम व्यावसायियों से रंगदारी मांगते हैं।

# रूफटॉप बार और रेस्टोरेंट संचालकों को झारखंड हाई कोर्ट से राहत

## बंद करने की याचिका पर अब नहीं होगी सुनवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट में स्काईस्केप, टेन 11, क्राउन 7, स्काई डैन और शैक किचन के संचालकों को बड़ी राहत मिली है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने रूफटॉप बार और रेस्टोरेंट को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए इसे समाप्त करने का अंतिम आदेश जारी किया है। रांची नगर निगम ने 22 फरवरी को शहर में संचालित रूफटॉप बार और रेस्टोरेंट को बंद करने का निर्देश दिया था। इसके खिलाफ स्काईस्केप, टेन 11, क्राउन 7, स्काई डैन और शैक किचन ने अदालत में अपनी दलीलें पेश करने के लिए इंटरलोक्यूटरी एप्लिकेशन (आईए) दाखिल की



थी। इन प्रतिष्ठानों की ओर से अधिवक्ता प्रशांत कुमार श्रीवास्तव और अधिवक्ता अनिकेत राज ने अदालत में दलील दी कि रूफटॉप रेस्टोरेंट किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन रेस्टोरेंट्स में केवल टेम्परी स्ट्रक्चर का इस्तेमाल किया गया है और संचालन के लिए सभी आवश्यक विभागों से स्वीकृति प्राप्त की गई है। साथ ही, सुरक्षा मानकों का भी पूरा पालन किया गया है। कोर्ट ने इन दलीलों को सुनने के बाद जनहित याचिका को समाप्त करने का आदेश देते हुए मामला निपटा दिया।

# बगैर मुआवजा दिये लोगों को किया जा रहा विस्थापित : रौशन लाल चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बजट सत्र में मंगलवार को भोजनवकाश के बाद भाजपा के विधायक रौशन लाल चौधरी ने कहा कि सरकार लोगों को बगैर मुआवजा दिलाए उन्हें विस्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि एसआइटी की जांच का हवाला देकर लोगों को मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने इस मामले को सरकार से संज्ञान में लेने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि अंचल कार्यालयों में कोई काम नहीं हो रहा है। वहीं विधायक राज सिन्हा ने कहा कि राज्य में केंद्र सरकार के सहयोग से कितनी सड़कें बन रही है। इसपर विभागीय मंत्री को जवाब देना चाहिए। भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि अरगोड़ा-कटहल मोड़ सड़क के चौड़ीकरण का मुददा उठाते हुए



कहा कि यह मामला पिछले 11 वर्षों से लटका हुआ है। इसलिए सरकार इसे जल्द पूरा कराए। कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि राज्य में सड़क निर्माण के डीपीआर का एलाईमेंट बदलकर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि विदेशों में एक पेड़ के लिए सड़क का रूट बदल दिया जाता है, लेकिन यहां मनमाने तरीके से पेड़ों की कटाई की जा रही है। उन्होंने इस मामले को गंभीर बताते हुए सड़कों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के नाम पर हो रही वनों की कटाई को रोकने की मांग सरकार से की। विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण में सड़क की परत हटाकर नई सड़क बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में मौजूदा सड़क को छोड़ दूसरे इलाके से सड़क बनाई जा रही है। इससे हजारों लोगों की मकानें टूटेंगी।

# आईएचएस के पूर्व कर्मी पर गोली चलाने वाला गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज (आईएचएस) के पूर्व कर्मी पर गोली चलाने वाले को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पंकज सिंह के रूप में हुई है और वह कंपनी में सुरक्षा गार्ड का काम करता है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने मंगलवार को बताया कि आईएचएस के पूर्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार को सोमवार की रात गोली मारी गई। इससे वह घायल हो गया। सका इलाज रांची के रिम्स में चल रहा है और वह खतरे से बाहर है। डीएसपी ने बताया कि सुरक्षा गार्ड पंकज सिंह और अन्य कर्मी शराब पी रहे थे। इसी दौरान गलती से गोली चलने की बात सामने आई है। इसमें जितेंद्र सिंह जख्मी हो गया था। जितेंद्र के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई और आरोपित पंकज को गिरफ्तार कर लिया है।

# झारखंड कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने के बयान पर भाजपा ने के राजू को घेरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू को उनके बयान को लेकर घेरा है। प्रतुल ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के राजू के झारखंड कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कह कर पूरी की पूरी झारखंड कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब कांग्रेस के कार्यकर्ता ही एक दूसरे को शंका की दृष्टि से देख रहे हैं। मंगलवार को भाजपा के प्रदेश वक्ता ने कहा कि प्रदेश प्रभारी राजू को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर भाजपा का स्लीपर सेल



कांग्रेस में कौन है। क्या वह प्रदेश अध्यक्ष हैं या मंत्रियों में कोई है या विधायकों में कोई है। प्रदेश पदाधिकारी में कोई है या फिर दूसरे नेता है। प्रतुल ने कहा ऐसा बयान देकर प्रदेश प्रभारी ने दशकों से निष्ठा से कांग्रेस का झंडा उठा रहे हजारों कांग्रेसियों के निष्ठा पर ही प्रश्न चिन्ह कर दिया है। प्रतुल ने कहा कि अफसोस कांग्रेस का कोई एक नेता भी प्रभारी के इस बयान का विरोध नहीं कर रहा है। किसी समय कांग्रेस में आंतरिक प्रजातंत्र जीवित हुआ करता था, लेकिन अब तो अपने बड़े नेताओं के सामने कांग्रेस के कार्यकर्ता गलत बात का विरोध भी नहीं करते हैं। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस प्रभारी राजू कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी का अनुसरण कर रहे हैं। राहुल गांधी ने गुजरात में गुजरात कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कही थी। इसका गुजरात के कांग्रेस के कुछ नेताओं ने जबरदस्त विरोध किया था। गुजरात में तीन दशकों से सत्ता से बाहर कांग्रेस अब अपने कार्यकताओं को ही इसका जिम्मेदार बता रही है। प्रतुल ने कहा कि इस पूरे मुद्दे का आश्चर्यजनक पहलू है कि कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा के पीठ पर चढ़कर दो बार झारखंड में चुनावी बैतरणी पार कर चुकी है। फिर भी कांग्रेस के प्रभारी को कांग्रेस में भाजपा का स्लीपर सेल दिख रहा है। उन्होंने ने कहा अगर प्रभारी स्लीपर सेलों की लिस्ट सार्वजनिक नहीं करेंगे तो पूरी की पूरी प्रदेश कांग्रेस पर ही सवालिया निशान हमेशा के लिए खड़ा रह जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में इस बार होली में पड़ेगी गर्मी आज से तापमान में वृद्धि शुरू



**रांची :** झारखंड में इस बार होली में गर्मी अधिक होगी। होली के आसपास तापमान सामान्य से चार-पांच डिग्री अधिक रहेगी। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस बार होली के आसपास एंटी साइक्लोन की स्थिति बन रही है। इसकी वजह से तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। उन्होंने बताया कि तापमान में बुधवार से बढोत्तरी होने लगेगा। वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा और धूप में तल्खी महसूस की गई। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री, जमशेदपुर में 35.3, डालटेनगंज 35.7 और बोकारो में अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### एबीवीपी के होली मिलन समारोह में रितेश पांडे के गीत पर झूमे छात्र



**रांची :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई की ओर से मंगलवार को रंगोत्सव-2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भोजपुरी गायक रितेश पांडे और लोकप्रिय नागपुरी गायक नितेश कच्छप सहित कई स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक होली गीत की प्रस्तुति दी। इन कलाकारों की पारम्परिक होली गीतों पर छात्र झूमे और जमकर अबीर-गुलाल उड़ाए। अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला, रितेश पांडे, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर रितेश पांडे ने कहा कि अभाविप के किसी भी कार्यक्रम में आना अपने घर लौटने जैसा लगता है। रांची आकर इतनी बड़ी विद्यार्थी समूह के सामने कार्यक्रम में शामिल होकर एक अलग अपनत्व की अनुभूति हो रही है। यह हमारे जीवन का सबसे अलग अनुभव है। इस रंगोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच मैं भी छात्र जैसा महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कई पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुति दी, जिस पर अभाविप परिवार जमकर झुमा। इस मौके पर लोकप्रिय नागपुरी गायक नितेश कच्छप की प्रस्तुति का भी लोगों ने खूब लुफ्त उठाया और जमकर अबीर गुलाल उड़ाए। कार्यक्रम में काफी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आयोजित इस रंगोत्सव कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम का सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजक आनंद कुमार ने पिछले दस दिनों से लगे सभी कार्यकताओं के उत्साह और मेहनत के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि अभाविप डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई के सभी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के कारण ही यह कार्यक्रम सफल हो पाया है।

### अखंड ज्योत सवामणि से प्रारंभ महाभंडारे का हुआ समापन



**रांची :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज प्रातः 5:00 बजे पट खुले तब एकादशी संकीर्तन में शामिल सैकड़ो भक्तों और नियमित श्याम प्रेमियों ने बाबा के मंगला दर्शन कर मंगला आरती की। मंगला आरती के बाद बाबा के पट श्रृंगार के लिए कुछ देर के लिए लगाए गए। पुनः श्रृंगार करके पट को श्रृंगार आरती के समय खोलकर आरती की गई। बाबा की बड़ी द्वादशी के शुभ अवसर पर जेपी सिंघानिया ने अपने परिवार के साथ अखंड ज्योति प्रज्वलित की 9:15 बजे के पहले ज्योत लेने के लिए दरबार में सैकड़ो की संख्या में भक्त लाइन में लगे हुए थे। निरंतर अखंड ज्योति का कार्यक्रम रात्रि तक चलता रहा। हजारों की संख्या में भक्तों ने अखंड ज्योति में आहुति देकर अपनी मनोकामना अर्जी लगाई। अखंड ज्योति के साथ ही सैकड़ो भक्तों ने महाभोग पूर्ण सवामणि भोग फल सवामणि भोग मेवा सवामणि भोग बाबा श्याम को भोग अर्पित किया। मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने 12.30 बजे श्याम बाबा को रसोई का भोग लगाया। 4:30 बजे से आमजनों के लिए महाभंडारे का आयोजन किया गया जो देर रात्रि तक निरंतर चलता रहा। लगभग 15000 से ज्यादा लोगों ने इस भंडारे में प्रसाद प्राप्त किया। संध्या 6:15 बजे बाबा की द्वादशी संकीर्तन प्रारंभ हुआ जो की देर रात तक चलती रहा। आज के संकीर्तन में मंडल के सदस्य एवं स्थानीय कलाकारों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। श्याम मित्र मंडल के श्रवण ढानढनिया श्यामसुंदर शर्मा सलज अग्रवाल गौरव अग्रवाल मोनू पवन शर्मा मदन सोनी राजन जोशी रवि जोशी विभोर डागा तनय काठपाल एवं अन्य ने बाबा के दरबार में भजनों के हाजिरी लगा भक्तों को भावविभोर किया। महाभंडारे के प्रसाद में छप्पन भोग चूरमा खीर प्रसाद पूरी चना की सब्जी का वितरण किया गया।

### संत जेवियर में शुरू हुई वार्षिक खेल प्रतियोगिता

**रांची :** रांची के संत जेवियर कॉलेज में 11 मार्च को वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं अपना प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर पहले,दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर पुरस्कृत किया गया। खेल प्रतियोगिता में बालक एवं बालिकाओं के लिए 100 मी, 200 मी , 400 मी दौड़, रिले दौड़ प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि दीपिका पाण्डे सिंह ( ग्रामीण विकास और पंचायती राज की मंत्री) के द्वारा वार्षिक खेल समाहरों का मशाल जला कर एवं कॉलेज गीत गाकर कर विधिवत उद्घाटन किया गया। उन्होंने ने बताया कि वे इन्हीं कॉलेज की छात्रा थीं, और उन्होंने यह भी कहा कि वे हमेशा कॉलेज का नाम ऊंचा रखेगी एवं प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहन दिया। खेल प्रतियोगिता में कॉलेज के प्रधानाध्यापक डॉ.रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, उप प्रधानचार्य फादर अजय अरुण मिंज, इंटर कॉलेज के उप प्रधानचार्य फादर अजय अनिल तिर्की, रेक्टर. डॉ. फादर सुधीर कुमार मिंज, पूर्व प्रधान अध्यापक डॉ. फादर नबौर लकड़ा एवं अन्य शिक्षक गण मौजूद थें।

## एक नजर

### श्री महावीर मंदिर समिति गुहीबांध में टाइबिंम की ढलाई का हुआ शुभारंभ

**कतरास (धनबाद) :** श्री श्री महावीर मंदिर समिति गुहीबांध में भव्य मंदिर निर्माण हेतु टाइबिंम ढलाई का शुभारंभ आज कतरास थाना प्रभारी आसित कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस मौके पर आसपास के महिला, पुरुष, बच्चों आदि श्रद्धालुओं के द्वारा श्रमदान एवं नगद दान, भवन सामग्री देकर सहयोग किया गया। इस उपलक्ष्य में मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र गोस्वामी, सचिव प्रभाकर साहू चंदू, कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता, मनोज विश्वकर्मा, पंकज गुप्ता, सुरेंद्र चौधरी, सुधीर सिंह, गणेश पासवान, आनंद विश्वकर्मा, राजकुमार गुप्ता, प्रीतम गोस्वामी, वीरेंद्र गोस्वामी, प्रवीण गुप्ता, राजु विश्वकर्मा, विशाल गुप्ता के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### होली आपसी भाईचारा के साथ मनाएं : रणधीर

**बोकारो :** राष्ट्रवादी इस्पात मजदूर संघ एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की संयुक्त तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन आवासीय कार्यालय सेक्टर 9 में हुआ इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रवादी इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रणधीर सिंह ने कहा कि होली आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सहार्द का पर्व है इसे सभी मिलजुल कर आपसी भेदभाव मीटाकर मनाएं होली के रंगों की तरह ही आप सवो के जीवन में हरियाली, सुख समृद्धि और शांति बनी रहे इस कार्यक्रम में न्यू बोल बम रामायण मंडली के द्वारा फागुन के गीतों से लोगों का दिल जीत लिया मंडली में शर्मा व्यास, सुनील व्यास ,अनिल चौबे, बांकेलाल ,अयोध्या ठाकुर ने मुख्य रूप से अपनी कला एवं गीतों से लोगों का दिल जीते इस मौके पर मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष श्री सच्चिदानंद सिंह, प्रदेश महामंत्री ,आदर्श सिंह, बोकारो जिला अध्यक्ष जसवीर सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे इसके अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एवं राष्ट्रवादी इस्पात मजदूर संघ के दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एमएसएमई इकाइयों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो :** जिला उद्योग केंद्र बोकारो स्थित हाल ही में राष्ट्रीय इस्पात परिषद भारत सरकार द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि आपको यूनिट यूनिट उद्योग में अधिक से अधिक संख्या में लाभ मिलना चाहिए। कार्यक्रम की शुरूआत श्री कुन्दन कुमार उपाध्याय, राज्य अध्यक्ष, झारखण्ड, स्मॉल टिनी सर्विस एवं बिजनेस इन्टरप्राइजेज एसोसिएशन, बोकारो द्वारा आज के मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद महामहिम जिला उद्योग केंद्र झारखण्ड सरकार, एवं डॉ. प्रियनायबर जरूहार, निदेशक, गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल एंड टेक्निकल सोसाइटी कैंपस, कांड्रा एवं श्री संजय सिंह, अध्यक्ष जैनमॉड चेम्बर ऑफ कॉमर्स, ने फोटोग्राफर से स्वागत किया। कुन्दन उपाध्याय कुमार ने कहा कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक संख्या में लेने का आग्रह किया गया है। प्रियदर्शन जरूहार, निदेशक ने कहा कि आज के समय में उद्योग की स्थापना के तहत किसी भी योजना की योजना बनाना जरूरी है कि आप आज बाजार में बहुत सारी कंपनियों का चयन करें। जैनामॉड चैंबर ऑफ कॉमर्स (जैनमोड) के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा एमएसएमई सेक्टर के लिए कई तरह की योजनाएं बनाई जा रही हैं और एक दिन में भारत सरकार नई एमएसएमई योजना का लाभ उठा सकती है।

# त्योहारों को लेकर बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी समन्वय बनाकर क्षेत्र में काम करेंगे : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** होली और रमजान पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक किया। मौके पर डीपीएलआर निदेशक श्रीमती मेनका, अपर नगर आयुक्त चास नगर निगम संजीव कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ आदि उपस्थित थे। उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि होली एवं रमजान त्योहारों को लेकर संप्रदायिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए सभी पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अलर्ट मोड पर रहेंगे। जिन्हें जो दायित्व दिया गया है,उसका वह पालन सुनिश्चित करेंगे। डीजे में अश्लील/भड़काऊ गानों का इस्तेमाल नहीं हो,इसे संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। कोई किसी को जबरन रंग नहीं लगाएगा। किसी भी तरह की घटना होने या कोई मामला प्रकाश में आने पर तत्काल उसकी सूचना अपने वरीय पदाधिकारी को देंगे। जिला एवं अनुमंडल नियंत्रण कक्ष चालू रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि सभी बीडीओ/सीओ थाना प्रभारी आपस में समन्वय बनाकर क्षेत्र में काम करेंगे। उन्होंने संवेदनशील स्थानों एवं आसामाजिक तत्वों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। साथ ही, धारा 126 की कार्रवाई के लिए दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों को प्रतिवेदन/तामिला ससमय समर्पित करने को कहा। उपायुक्त ने क्रमवार थाना क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों/क्षेत्रों की जानकारी थाना प्रभारियों - बीडीओ/सीओ से प्राप्त की। उन्होंने संवेदनशील स्थानों/क्षेत्रों पर विशेष निगरानी बरतने, आसामाजिक तत्वों की सूची तैयार कर उनकी गतिविधि पर नजर रखेंगे। सभी थाना -अंचलाधिकारी आपस में बैठक कर क्षेत्र से संबंधित सूचनाओं को एक दूसरे से साझा कर,संयुक्त रणनीति पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि होलिका दहन की रात अगलगी की घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में अधिकारियों एवं अग्निशमन विभाग को सतर्क रहने की जरूरत है। वहीं, पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने कहा कि सभी बीडीओ सीओ एवं थाना प्रभारी आपस में समन्वय स्थापित कर पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराएंगे। पर्याप्त संख्या में जिले को पुलिस बल उपलब्ध है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सतत निगरानी की व्यवस्था रहेगी। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने पर ग्रुप के एडमिन के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। कहीं किसी के क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री या नकली शराब की बिक्री नहीं हो, इसे सभी सुनिश्चित करेंगे। सभी अपने आंतरिक श्रोतों को सक्रिय रखेंगे।

## जनसमस्याओं को लेकर प्रभारी निदेशक से मिले कुमार अमित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो की जनसमस्याओं के समाधान को लेकर भाजपा नेता कुमार अमित सोमवार को बीएसएल के प्रभारी निदेशक श्री बी.के तिवारी से मिले। कुमार अमित ने प्रभारी निदेशक को पंद्रह सूत्री माँग पत्र सौंपा। इस माँग पत्र में ठेका मजदूरों के लिए बोकारो में इएसआई हॉस्पिटल लगाने, मेडिकल के नाम पर ठेका मजदूरों की छटनी बंद करने, शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा स्थापित करने, सेल कर्मियों के बकाया वेतन का भुगतान करने, बोकारो के विकास और संसाधनों के सदुपयोग हेतु सेल के खाली पड़े भवनो को उच्च एवं व्यवसायिक शिक्षण संस्थान, स्वास्थ्य सेवाएँ, कौशल विकास, आई.टी जैसे क्षेत्रों के लिए उद्देश्य तय करके हीं प्रतिष्ठ निजी संस्थानों को देने, शेष बचे विस्थापित गांवों को पंचायत का दर्जा देने हेतु पहल करने, अप्रैन्टिस ट्रेनिंग कर चुके विस्थापित बेरोजगारों को नियोजित करने, बीजीएच को जल्द सुपरस्पेलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने एवं मरिजों को सस्ती दवाई उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री जनऔषधी केन्द्र स्थापित करने, सेल के चतुर्थवर्गीय पदों को विस्थापित एवं स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित करने, दुन्दाबाग झुग्गी-झोपड़ी खटाल वासियों को तय शुल्क पर बिजली पानी की आपूर्ति कर प्रबंधन की वित्तीय बोझ को कम करने, बहाली में पूर्व की भाँति खिलाड़ियों का कोटा आरक्षित करने आदि की माँग शामिल है।

## जेल में देर रात छापेमारी, मोबाइल और चार्जर बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद के मंडल कारा में जिला प्रशासन ने देर रात छापेमारी की है। डीसी और एसएसपी समेत अन्य अधिकारी जेल पहुंचे और छापेमारी की। इस दौरान मोबाइल, चार्जर और ईयरबड्स बरामद हुए हैं। देर रात की गयी छापेमारी-डीसी धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा ने पत्रकारों को जानकारी दी कि जेल में सोमवार की देर रात छापेमारी की गयी। इस क्रम में तीन मोबाइल, चार्जर और ईयरबड्स बरामद हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की टीम पहुंची और जेल में औचक निरीक्षण किया। धनबाद जेल में कर दी गयी थी अमन सिंह की हत्या, उठे थे सवाल दिसंबर 2023 में धनबाद मंडल कारा में धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह के हत्यारे (शूटर) अमन सिंह की हत्या गोली मारकर कर दी गयी थी। तब भी काफी बवाल हुआ था। सुरक्षा पर सवाल उठ रहे थे कि आखिर जेल के अंदर बंदूक कैसे पहुंची कई जेल के अधिकारियों पर कार्रवाई भी हुई थी। सोमवार की देर रात डीसी की छापेमारी के दौरान तीन मोबाइल बरामद हुए हैं। गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई के वार्ड से मोबाइल बरामद। सूत्र बताते हैं कि धनबाद जेल में छापेमारी के दौरान फरार गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई बंटी और गॉडविन खान के वार्ड से मोबाइल बरामद हुआ है। ये दोनों हत्या के आरोप में धनबाद जेल में बंद हैं। गैंगस्टर प्रिंस खान फरार है और दुबई से धनबाद के व्यापारियों से फोन पर रंगदारी मांगता है।

## धनबाद में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आयोजित किया होली मिलन समारोह



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की धनबाद जिला कमेटी ने मंगलवार को असरफी हॉस्पिटल के समीप एक निजी होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक होली के रंग में सराबोर हो गए। समारोह के दौरान मंच से झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला कमेटी ने समस्त धनबादवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और इस त्योहार को सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में भोजपुरी गायक राजू सिंह अनुरागी ने अपने पारंपरिक फगुआ गीतों से माहौल को जीवंत बना दिया। उनके गीतों पर उपस्थित लोग झूमते नजर आए। होली मिलन समारोह में जेएमएम के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, मुकेश सिंह, नीलम मिश्रा, रतीलाल टुडू, मदन महतो, हरीश सिंह, अनवरी खातून, मंटू चौहान, मिराज खान समेत कई अन्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा सभी समुदायों और धर्मों को साथ लेकर चलने का काम करती है। हम इस होली पर सभी से मिलजुलकर त्योहार मनाने की अपील करते हैं। साथ ही झारखंड में जेएमएम की नई सरकार बनने पर सभी को बधाई देते हैं। यह सरकार झारखंड के विकास और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का कार्य करेगी। कार्यक्रम ने धनबाद में होली के उत्साह को और भी बढ़ा दिया और पार्टी के नेताओं ने सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया।

## अवैध कोयला उत्खनन में चला प्रशासन का बुलडोजर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** वन विभाग की ओर से तेनूघाट रेंज के रहावन संरक्षित वन क्षेत्र में मंगलवार को एक विशेष डोजरिंग ऑपरेशन चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य कोयले के अवैध रैट-होल खनन को समाप्त करना था, जिससे वन और पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंच रही थी। इस ऑपरेशन में खनन विभाग और रहावन ओपी का भी सहयोग रहा। जानकारी के अनुसार वन विभाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि रहावन संरक्षित वन क्षेत्र में अवैध रूप से रैट-होल खनन किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर एक संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिसमें वन विभाग और खनन विभाग के अधिकारी एवं कर्मी शामिल थे। इस अभियान में बुलडोजर और अन्य भारी मशीनरी का उपयोग कर अवैध खदानों को ध्वस्त किया गया। सर्वप्रथम वन विभाग की टीम ने अवैध खनन स्थलों की पहचान की और उनका भौगोलिक सर्वेक्षण किया। वहीं प्रशासन ने भारी मशीनरी की सहायता से सभी अवैध रैट-होल खदानों को समतल किया गया।प्रशासन के अनुसार इस अभियान से रहावन संरक्षित वन क्षेत्र में अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगेगी। पर्यावरण और वन्यजीवों को होने वाले संभावित नुकसान को कम किया गया।भविष्य में ऐसी अवैध गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी से अन्य क्षेत्रों में भी इसका प्रभाव पड़ेगा। वहीं वन विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस तरह की सभी अवैध रैट-होल खदानों की खोज कर उन्हें ध्वस्त किया जाएगा। इसके लिए एक सतत निगरानी तंत्र विकसित किया जाएगा, जिससे इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# सड़कों पर ब्लैक स्पॉट चिह्नित कर दुर्घटनाएं रोकने के उपाय करें : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम डीसी कुलदीप चौधरी ने समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति के साथ बैठक की। बैठक में एसपी आशुतोष शेखर सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। डीटीओ राजेश एक्का जिले में सड़क दुर्घटना व उससे हुई मौतों का आंकड़ा पेश किया। साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर उठाए गए कदमों की जानकारी दी। डीसी सड़क सुरक्षा प्रबंधक को अधिक दुर्घटना वाले स्थानों चिह्नित कर दुर्घटनाएं रोकने के लिए कारगर कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने डीटीओ को हिट एंड रन के मामलों में जनरल इंश्योरेंस कंपनी को पत्र भेजकर पीड़ित परिवारों को जल्द भुगतान कराने का निर्देश दिया। वहीं, जिले के तीनों अनुमंडल पदाधिकारियों को अनुमंडल स्तर पर लंबित मुआवजा के आवेदनों को जल्द निष्पादित करने को कहा।
बैठक में प्राप्त सुझावों के आलोक में डीसी ने सदर थाना से पोस्ट ऑफिस चौक तक एनएच 75 ई पर हो रहे निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने व गुणवत्ता के साथ निर्माण कराने का निर्देश एनएचएआई के पदाधिकारी को दिया। बैठक में सदर एसडीओ अर्णव मिश्रा, पोड़ाहाट एसडीहो श्रुति राजलक्ष्मी, जगन्नाथपुर एसडीओ महेंद्र छोटन उरांव, सदर एसडीपीओ बाहमन टूटी सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोड कंस्ट्रक्शन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड मुक्ति मोर्चा की नीचीतपुर 01 पंचायत में कमेटी विस्तार हुई



**धनबाद :** बाघमारा पंचायत के अंतर्गत नीचीतपुर 01 पंचायत एहसान अंसारी की देखरेख में झारखंड मुक्ति मोर्चा की पंचायत कमिटी का गठन किया गया। कमिटी में मुख्य रूप से अध्यक्ष मो शाने बाबू, उपाध्यक्ष छोटू अंसारी व मो नौशाद अंसारी, सचिव मो राजा खान, कोषअध्यक्ष मो सदाब, संगठन सचिव मो साबिर, सह सचिव मो हशन रजा कार्यकरणी सदस्य मो मधु, सदाब, शेफ, मो जाकिर, शहवाज आलम, मो तस्लीम अंसारी, मो आरयान, मो रिजवान, मो एमामुल, मो शाहनवाज बनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से संयोजक मण्डली सदस्य सूरज चौहान, कृष्णा लाला व अताऊल रहमान उपस्थित में कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

### 45 मोटरसाइकिल के साथ दो चोर गिरफ्तार



**बोकारो :** बोकारो शहर और आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही थीं। इस बढ़ती आपराधिक गतिविधि से नागरिकों में भय व्याप्त हो गया था। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वगीर्यारी ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपाधीक्षक (नगर) आलोक रंजन के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया। इस टीम ने गुप्त सूचना, तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अनुसंधान करते हुए दो कुख्यात वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों में मो. परवेज और मो. मासूम अंसारी—ने स्वीकार किया कि उन्होंने बोकारो शहरी क्षेत्र और आसपास के इलाकों से कई मोटरसाइकिलें चुराई थीं। पुलिस की कार्रवाई के दौरान उनके कब्जे से विभिन्न कंपनियों की 45 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं, जिन्हें वे कथारा, तेनुघाट, गोमिया और पेटरवार थाना क्षेत्रों में छिपाकर रखे थे। ये वाहन चोरी के बाद अवैध रूप से कोयला ढुलाई और अन्य गैरकानूनी कार्यों में उपयोग किए जा रहे थे। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर पार्क करें, अतिरिक्त लॉक का उपयोग करें और सीसीटीवी कैमरों का अधिक से अधिक प्रयोग करें। दुकानदारों, स्कूलों, कॉलेजों और अन्य प्रतिष्ठानों को भी निगरानी के लिए कैमरे लगाने की सलाह दी गई है।

### बीएसएल कर्मियों को दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार समारोह में किया गया सम्मानित




**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट में 25 सालों की सेवा दे चुके 114 इस्पातकर्मियों को 11 मार्च को आयोजित दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया। मानव संसाधन विभाग के प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक –प्रभारी बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक सी आर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधकगण, अन्य वरीय अधिकारी, मुख्य महाप्रबंधकगण तथा अन्य वरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह के आरम्भ में मुख्य महाप्रबंधक हरि मोहन झा ने सभी का स्वागत किया। निदेशक प्रभारी बी के तिवारी ने अपने संबोधन में पच्चीस वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई दी और उन्हें अपना व्यापक अनुभव अन्य सहकर्मियों से भी साझा करने का आहवान किया। अन्य मंचासीन अधिकारियों ने भी दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्राप्त कर रहे बीएसएल कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

### एसीबी ने एएसआई को दस हजार रुपये रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**बोकारो :** बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के गांधीनगर ओपी थाना में पदस्थापित एएसआई अजय प्रसाद को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने दस हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना क्षेत्र के जरीडीह बाजार निवासी अनुराग गुप्ता ने धनबाद एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी कि एएसआई अजय प्रसाद ने उन्हें मुकदमे में नाम हटाने को लेकर और मामले को निपटाने की एवज में दस हजार रुपए रिश्वत की मांग की है। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले की जांच की। जांच में आरोप सत्य पाया गया। इसके बाद एसीबी टीम ने कार्रवाई करते हुए योजना बनाई और जैसे ही अजय प्रसाद ने रिश्वत की रकम ली उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

### विधायक के खिलाफ आरोप बेबुनियाद, प्रवक्ता ने की निंदा



**बोकारो :** विधायक श्वेता सिंह के निर्देश पर विधायक के आवास पर प्रवक्ता कुंज बिहारी पाठक द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया इस प्रेस वार्ता के दौरान कुंज बिहारी पाठक ने कहा कि जब से बोकारो की विधायक श्वेता सिंह जी बनी हैं उस समय से वर्तमान समय तक कुछ जनता के विकास विरोधी मानसिकता के लोग लगातार क्षेत्र की जनता को दिग्भ्रमित करने में लगे हुए हैं आज एक प्रकरण सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें की एक यूनिक एंड यूनिटी फाउंडेशन के द्वारा बोकारो विधायक श्वेता सिंह को आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें आवेदक द्वारा बताया गया कि अंतरास्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बोकारो के पूर्व विधायक वीर समरेश सिंह दादा के नाम पर खेल महोत्सव का आयोजन किया जाना है क्यों कि समरेश सिंह दादा फुटबाल के बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं।

# गोश्त के साथ रंगीन पानी ना हो तो कैसा कायस्थ

पूरे देश की तरह लखनऊ में भी होली के रंग अलग-अलग देखने को मिलते हैं। यहां आज भले ही किसी एक वर्ग को होली के रंगों से परहेज हो,लेकिन एक समय यहां के मुगल नवाबों के यहां होली पर कई दिनों तक जश्न मनाया जाता था। होली की पहचान रंगों के अलावा खाने-पीने से भी जुड़ी हुई है। होलाष्टक लगते ही पूरा शहर मस्ती में झूमने लगता है। सबसे अधिक भीड़ तो मयखानों और गोश्त की दुकानों में दिखाई पड़ती है। और जब खाने पीने की बात चलती है तो इसमें सबसे ऊपर नाम कायस्थों का आता है,जिनके यहां होली पर बने लजीज व्यंजन हर बिरादरी के यार-दोस्तों को अपने यहां खींच लाते हैं।की होली ऊपर से दिखती तो एक जैसी ही है, लेकिन उसके भीतरी रंग में जातीय विशेषताएं भी घुली रहती हैं। लखनवी नफासत-नजाकत से लेकर होली के हुड़दंग में भी अपनी अलग पहचान बनाए रहती थी तो उसका बहुत हद तक श्रेय यहां की कायस्थ बिरादरी को भी जाता है। लखनऊ में कायस्थों की बड़ी आबादी रहती है। एक मोटे अनुमान के अनुसार लखनऊ में कायस्थों की आबाद डेढ़ लाख के करीब है।वैसे तो यह वर्ग नौकरीपेशे वाला माना जाता है,लेकिन तीज त्योहार मनाने में मामले में भी इसकी कहीं कोई बराबरी नहीं है।

गौरतलब है कि मुस्लिम बिरादरी आमतौर पर होली के रंग से परहेज करती है, जबकि लखनवी तहजीब की बुनियाद तो मुस्लिम समुदाय ने ही डाली थी तो होली पर इस तहजीब की रंगत अगर किसी ने बरकरार रखी है तो वह लखनऊ की कायस्थ बिरादरी ही है। तो लखनऊ के ब्राह्मणों का भी इसमें खासा योगदान रहा है,जो कायस्थों के यहां बने नॉनवेज का पूरा लुफ्त उठाते हैं। लखनऊ के पुराने कायस्थों को तो आधा मुसलमान ही माना जाता था क्योंकि गोश्त-शराब उनकी दिनचर्या में शामिल रहा है। होली हो और गोश्त न बने तो कैसा कायस्थ? और यह भी नहीं कि सिर्फ गोश्त ही बने, कलेजी भुनी हुई न हो तो शराब हलक के नीचे उतरे कैसे। इसलिए कलेजी तो जरूरत की चीज समझी जाती थी होली में। हरी मटर फागुन में बहुतायत से और सस्ती मिलती है। कीमा मटर बहुत पसंद किया जाता रहा है। इसी को जब सूखा यानी बगैर शोरबे के बनाते हैं तो उसे दुलमा कहा जाता है। यहां यह भी ध्यान रहे कि 1950 के दशक में न गैस के चूल्हे थे और न ही कुकर। कायस्थों के घर में ये सब मांसाहारी व्यंजन पकाने और बनाने में खासा वक्त और मेहनत लगती थी। इसका श्रेय निश्चित रूप से महिलाओं को ही दिया जाता है और दिया भी जाना चाहिए।

आज भी जब कायस्थों के यहां शादियां तय होती हैं तो पहली बात यही पूछी जाती है कि लड़की शाकाहारी है कि मांसाहारी। अगर शाकाहारी है तो क्या घर में मांस बनने से परहेज तो नहीं होगा? यानी कि घर में बने तो वह घिनाएगी तो नहीं। कायस्थों के यहां एडजस्टमेंट की काफी गुंजाइश रहती है। मेरे पिता मांसाहारी थे, जबकि मॉ प्योर शाकाहारी, लेकिन उनके हाथ के बने नॉनवेज की तारीफ कई बार हम सुन चुके हैं। उनका खाना पहले बनाकर अलग रख दिया जाता था, उसके बाद चौके में मांसाहार भी बनता था। अनेक कायस्थ परिवारों में यह परंपरा आज भी जारी है। कोई गोश्त-शराब का शौकीन है तो कोई परहेज गार है। लेकिन परिवार तो परिवार है, खान-पान के सबब से हरगिज नहीं टूटेगा।

लखनऊ के कायस्थों की होली में खानपान के साथ इत्र भी महकता रहता है। अबीर-गुलाल में खस मिलाने की परंपरा लखनऊ में बहुत पुरानी है। यहां तक कि गीले रंग में भी इत्र मिलाया जाता था ताकि रंग की फुहार पड़े तो बदन महकने लगे और खुद को अच्छा लगे। अमीनाबाद से चौक की तरफ जाने लगिए तो रकाबगंज पड़ता है। यहां दाहिने हाथ एक ढाल उतरती है और एक मोहल्ला मशकगंज कहलाता है। जहां बड़ी सख्या में कायस्थ रहते हैं, इसी तरह से निवाजगंज, बाबूगंज, नौबस्ता मौहल्ला कभी कायस्थों का गण हुआ करता था, होली पर यहां हर घर से नॉनवेज की खुशबू आती थी तो रंगीन पानी के शौकीन 'गिलास लड़ाते' मिल जाते थे।

## सूडोकु नवताल- 7367

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7366 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

# होली पर सच्चाई के रंग भरे और सब एक हो जायें

**ललित गर्ग**

होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है। होली प्रेम, आपसी सद्भाव और मस्ती के रंगों में सराबोर हो जाने का अनूठा त्यौहार है। यद्यपि आज के समय की गहमागहमी, मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़ से होली की परम्परा धुंधली हो रही है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तक प्रकृति हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। होली ही एक ऐसा त्योहार है, जिसके लिये मन ही नहीं, माहौल भी तत्पर रहता है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक सचेतन माहौल बनाएं, जहां हम सब एक हो और मन की गन्दी परतों को उतार फेंके ताकि अविभक्त मन के आईने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

एक तरह से देखा जाए तो यह उत्सव प्रसन्नता को मिल-बांटने का एक अपूर्व अवसर होता है। होली की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसको मनाते हुए हम समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। इस त्योहार को मनाने के पीछे की भावना है मानवीय गरिमा को समृद्धि प्रदान करना, जीवनमूल्यों की पहचान को नया आयाम प्रदत्त करना। हम कितने भोले हैं कि अपनी संस्कृति एवं आदर्श परम्पराओं को हमीं मिटा रहे हैं। स्वयं अपना घर जला कर स्वयं तमाशा बन रहे हैं। आखिर हमीं तो वे लोग हैं जिन्होंने देश की पवित्र जमीं के नीचे हिंसा, अन्याय, शोषण, आतंक, असुरक्षा, अपहरण, भ्रष्टाचार, अराजकता, अत्याचार जैसे घिनौने तत्वों की गहरी और लम्बी सुरंगें बिछाकर उन पर अपने स्वार्थों का बारूद फैला दिया बिना कोई परिणाम सोचे, बिना भविष्य की संभावनाओं को देखे। इन अंधेरों एवं जटिल हालातों के बीच होली जैसे त्योहार हमारी रोशनी की इंजतार एवं उजालों की कामना को पूरा करने के लिये हमें तत्पर करते हैं।



होली के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान की जाए। स्नेह और सम्मान का, प्यार और मुहब्बत का, मैत्री और समरसता का ऐसा शमां बांधना चाहिए कि जिसकी बिसात पर मानव कुछ नया भी करने को प्रेरित हो सके। होली का त्योहार ह्यअसत्य पर सत्य की विजयह्ल और ह्यदुराचार पर सदाचार की विजयह्ल का प्रतीक है। इस प्रकार होली का पर्व सत्य, न्याय, भक्ति और विश्वास की विजय तथा अन्याय, पाप तथा राक्षसी वृत्तियों के विनाश का भी प्रतीक है। फाल्गुन मास और होली की परम्पराएँ श्रीकृष्ण की लीलाओं से सम्बद्ध हैं और भक्त हृदय में विशेष महत्व रखती हैं। श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर होली का रंगभरा और रंगीनीभरा त्यौहार मनाना एक विलक्षण अनुभव है। होली जैसे त्यौहार में जब अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, ब्राह्मण-शूद्र आदि सब का भेद मिट जाता है, तब ऐसी भावना करनी चाहिए कि होली की अग्नि में हमारी समस्त पीड़ाएँ, दुःख, चिंताएँ, द्वेष-भाव आदि जल जाएँ तथा जीवन में प्रसन्नता, हर्षोल्लास तथा आनंद का रंग बिखर जाए। होली का कोई-न-कोई संकल्प हो और यह संकल्प हो सकता है कि हम स्वयं शांतिपूर्ण जीवन जीये और सभी के लिय बदलती युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्यौहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्म उन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं, दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

होली रंगों का निराला एवं अनूठा पर्व है और हमारा जीवन ढेर सारे रंगों का एक पिटारा है। यहां हर रंग जुदा है तो दूसरों से मिला हुआ भी। एक रंग, दूसरे से मिलकर तेजी से नया ही रंग-रूप धर लेता है। किसी एक पर अटके रहकर काम चल ही नहीं सकता। यही जीवन लीला है। पर क्या दूसरों के रंगों को अपने में समा लेना आसान होता है? रंगों को कोई तो कैनवस चाहिए ही ना! संकल्प हो तो कितने रंग खिल सकते हैं? सच यह है कि ना ही दूसरों को अपना बनाना आसान है और ना ही दूसरों का होकर रह पाना। जीवन को हर रंग में जीने और स्वीकारने की कला सबको नहीं आती। उसके लिए जरूरत होती है, एक मस्तमौला नजरिए की। समुद्र से मिलने को तत्पर, मीलों बहती रहने वाली नदी की ऊर्जा का। ऊर्जा और आनंद के इसी मेल का प्रतीक है होली का त्यौहार, जो लगातार बदलते रहने के बावजूद बना रहता है, ध्रुव है, सत्य है। जितने रंग प्रकृति के हैं, उतने ही हमारे हैं और प्रकृति हर पल रंग बदलती है। पुरानी पत्तियां शाख छोड़ती नहीं हैं कि नई खिलनी शुरू हो जाती हैं। पतझड़ और बसंत साथ ही चलते रहते हैं। धरती के भीतर के घुप अंधेरों को चीर कर बाहर निकला बीज, फूल, शाख, पत्तियां और फल के रंग धर लेता है। उगने, डूबने, खिलने, फैलने, मिलने, सूखने, झड़ने, चढ़ने, उतरने और खत्म होने का हर रंग प्रकृति में है और है होली के मनभावन पर्व में। पर प्रकृति हो या होली इनसे उदासीन हम, कुछ ही रंगों में सिमट जाते हैं। गिले-शिकवों, उदासी, तेरे-मेरे, क्रोध और कुंठा में ही अटक जाते हैं। नतीजा, जिंदगी में तनाव और उदासी घिरने लगती है।

हम भी भविष्य की अनगिनत संभावनाओं को साथ लिए आओ फिर से जीवन में सच्चाई का रंग भरने का प्राणवान संकल्प करें। होली के लिए माहौल भी चाहिए और मन भी चाहिए, ऐसा मन जहाँ हम सब एक हों और मन की गंदी परतों को उखाड़ फेकें ताकि अविभक्त मन के आइने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। कलाकार एमी ग्रेंट के अनुसार, 'काला रंग गहराई देता है। इसे मिलाए बिना किसी वास्तविकता को रचा नहीं जा सकता।' जीवन में सुख-दुख दोनों हैं। दोनों एक-दूसरे में बदलते रहते हैं। हमें सुख अच्छा लगता है और दुख में हम घबरा उठते हैं। सारी कोशिशें ही दुखों से बचने की होती हैं। होली का अवसर भी सारे दुःखों को भूलकर स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का अवसर है, राग-रंग से परे होकर स्वयं को रंगना एवं दूसरों को रंग लगाना ही होली है, होली न सिर्फ बाहर से बल्कि भीतर से रंग जाने, आध्यात्मिक एवं पवित्र हो जाने की सीख है, होली दिलों से जुड़ी भावनाओं का पर्व है। यह मन और मस्तिष्क को परिष्कृत करने का अनुष्ठान है।

# राजस्थान के शेखावाटी में चंग पर धमाल गाकर मनाते हैं होली



**रमेश सर्राफ धमोरा**




शेखावाटी अंचल में होली एक सुप्रसिद्ध लोक पर्व है तथा इस पर्व को क्षेत्र में पूरे देश से अलग ही ढंग से मनाया जाता है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शेखावाटी क्षेत्र में बसंत पंचमी के दिन से शुरूआत कर दी जाती है। क्षेत्र में होली के पर्व पर चंग की धुन पर गाई जाने वाली धमालों में यहां की लोक संस्कृति का ही वर्णन होता है। इन धमालों के माध्यम से जहां प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं को अपने प्रेम का संदेशा पहुंचाते हैं वहाँ श्रद्धालु लोक देवताओं को याद कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं। रात्रि में नवयुवक विभिन्न प्रकार के स्वांग निकाल कर लोगों का भरपूर मनोरंजन करते हैं। गांवों में स्त्रियां रात्रि में चैक में एकत्रित होकर मंगल गीत, बधावे गाती हैं। होली के दिनों में आधी रात तक गांवों में उल्लास छाया रहता है।

उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शुरूआत तब होती है, जबकि बसन्त अपने पूर्ण यौवन पर होता है और बांसुरी की मदहोश करती धुनें और चंग की थाप पर मानव का मन-मयूर नाचने लगता है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है। शेखावाटी की होली पूरे देश में प्रसिद्व है। फाल्गुन में सांझ ढलते ही धमाल सुनाई देने लगे हैं। चंग की थाप पर पांव थिरकने लगे हैं और बांसुरी की सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोलने लगी है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है।

शेखावाटी अंचल में होली पर कस्बों में विशेष रूप से गींदड़ नृत्य किया जाता है। गुजराती नृत्य गरवा से मिलता-जुलता गींदड़ नृत्य में काफी लोग विभिन्न प्रकार की चित्ताकर्षक वेशभूषा में नगाड़े की आवाज पर एक गोल घेरे में हाथ में डंडे लिए घूमते हुए नाचते हैं तथा आपस में डंडे टकराते हैं। प्रारम्भ में धीरे-धीरे शुरू हुआ यह नृत्य धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ता जाता है। इसी रफ्तार में डंडों की आवाज भी टकरा कर काफी तेज गति से आती है तथा नृत्य व आवाज का एक अद्भुत दृश्य उत्पन्न हो जाता है जिसे देखने वाला हर दर्शक रोमांचित हुए बिना नहीं रह पाता है। होली के अवसर पर चलने वाले इन कार्यक्रमों से यहाँ का हर एक व्यक्ति स्वयं में एक नई स्फूर्ति का संचार महसूस करता है।

इन नृत्यों की लोक परम्परा को जीवित रखने के लिए क्षेत्र की कुछ संस्थाएं विगत कुछ समय से विशेष प्रयासरत हैं। झुंझुनू शहर में सद्भाव नामक संस्था गत 18 वर्षों से होली के अवसर पर चंग, गींदड़ कार्यक्रम का आयोजन करती आ रही है, जिसे देखने दूरदराज गांवों से काफी संख्या में लोग आते हैं। झुंझुनू, फतेहपुर शेखावाटी, रामगढ़ शेखावाटी, मण्डावा, लक्ष्मणगढ़, चूरू, बिसाऊ, लक्ष्मणगढ़ कस्बों का गींदड़ नृत्य पूरे देश में प्रसिद्ध है। इसी कारण चंग व गीन्दड़ नृत्य का आयोजन शेखावाटी से बाहर अन्य प्रान्तो में भी होने लगा है। धुलंडी के दिन इन नृत्यों का समापन होता है।

राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में हर मोहल्ले में अपनी चंग पार्टी होती है। चंग शेखावाटी क्षेत्र का प्रसिद्ध नृत्य है। इसमें प्रत्येक पुरुष चंग बजाते हुये नृत्य करते हैं। यह मुख्यतया होली के दिनों में किया जाता है। चंग को प्रत्येक पुरुष अपने एक हाथ से थाम कर और दूसरे हाथ से कटरवे का ठेका बजाते हुए वृत्ताकार घेरे में नृत्य करते हैं। घेरे के मध्य में एकत्रित होकर धमाल और होली के गीत गाते हैं। होली के एक पखवाड़े पहले गींदड शुरू हो जाता है। जगह- जगह भांग घुटती है। हालांकि अब ये नजारे कम ही देखने को मिलते हैं। जबकि, शेखावाटी में ढूंढ का चलन अभी है। परिवार में बच्चे के जन्म होने पर उसका ननिहाल पक्ष और बुआ कपडे और खिलौने होली पर बच्चे को देते हैं।

शेखावाटी अंचल के हर गांव कस्बे में रात्रि में लोग एकत्रित होकर चंग की मधुर धुन पर देर रात्रि तक धमाल गाते हुए मोहल्लों में घूमते रहते हैं। होली के अवसर पर बजाया जाने वाला चंग भी इसी क्षेत्र में ही विशेष रूप से बनाया जाता है। चंग की आवाज तो ढोलक की माफिक ही होती है, मगर बनावट ढोलक से सर्वथा भिन्न। चंग ढोलक से काफी बड़ा व गोल घेरे नुमा होता है। होली के प्रारम्भ होते ही गांवों में लोग अपने-अपने चंग (ढप) संभालने लगते हैं। होली चूंकि बसंत ऋतु का प्रमुख पर्व है तथा बसंत पंचमी बसंत ऋतु प्रारम्भ होने की द्योतक है। इसलिए इस अंचल में बसंत पंचमी के दिन से चंग बजाकर होली के पर्व की विधिवत शुरूआत कर दी जाती है। लोगों का कहना है कि अगर होली के त्यौहार से लोक वाद्य चंग और धमाल को निकाल दिया जाये तो होली का त्यौहार बेजान हो जायेगा। ग्रामीण चंग और धमाल को होली पर्व की आत्मा मानते है। आज ये परम्परा धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। पहले यहां होली का त्योहार प्यार के साथ मनाया जाता था, सब साथ मिलकर चंग पर धमाल गाते थे लेकिन आजकल वो सब खत्म-सा हो गया है। क्षेत्र में बढ़ते शराब के प्रचलन के कारण लोग रात्रि में घरों से बाहर निकलने से डरने लगे हैं तथा गांवों में भी पहले की तरह सामंजस्य नहीं रहा। इसके अलावा ऑडियो कैसेटों के बढ़ते प्रचलन से भी इस लोक पर्व को कृत्रिम-सा बना दिया है। कैसेटों की वजह से पर्व की मौलिकता ही समाप्त होने जा रही है। यदि समय रहते होली पर व्याप्त हो रही कुरीतियों व शराब के चलन की समाप्ति का प्रयास नहीं किया गया तो यह पर्व अपना मूल रूप खो बैठेगा।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# बदलते जमाने की रंग बदलती होली



**प्रियंका सौरभ**

होली ऐसा त्योहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं। लोग दुश्मनी भुलाकर एक-दूसरे के गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियाँ अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफसोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। रंगों की बौछारें और होली की जीवंतता ने उत्सव के बाद जैसी शांत ले ली है। "आओ राधे खेलें फाग, होली आई" के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाजें समय के साथ दबती जा रही हैं।

फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग खुशी से एक-दूसरे पर रंग डालते और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस खुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थी और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नजर आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए "हैप्पी होली" के साथ शुरू और खत्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय मोबाइल पर समय बिताने में ज्यादा रुचि रखते हैं।

पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदायिक भावना कम होती जा रही है। फोन पर एक साधारण "होली मुबारक" ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं। इस बदलाव के कारण परिवार अपनी बहू-बेटियों को दोस्तों या रिश्तेदारों से मिलने देने में हिचकिचाते हैं। पहले लड़कियाँ होली के दौरान खुशी और हंसी-मजाक करती हुई खुली हवा में घूमती थीं, लेकिन अब अगर कोई लड़की किसी रिश्तेदार के घर ज्यादा देर तक रुकती है, तो उसके परिवार में चिंता पैदा हो जाती है। होली का त्यौहार खुशियों का मौसम हुआ करता था, जिसकी शुरूआत होली के पौधे लगाने से होती थी। छोटी-छोटी लड़कियाँ गाय के गोबर से वलुडिया बनाती थीं, खूबसूरत मालाएँ बनाती थीं, जिन पर आभूषण, नारियल, पायल और बिछिया होती थीं। दुख की बात है कि ये परंपराएँ अब खत्म हो गई हैं। पहले घर पर ही टेसू और पलाश के फूलों को पीसकर रंग बनाया जाता था और महिलाएँ होली के गीत गाती थीं। होली के दिन सभी लोग चंग की ताल पर नाचते हुए जश्न मनाते थे। बसंत पंचमी से ही फाग की धुनें गूंजने लगती थीं, लेकिन अब होली के गीत कुछ ही जगह सुनाई देते हैं। परंपरागत रूप से, विभिन्न समुदायों के लोग ढोलक और चंग की थाप के साथ होली खेलने के लिए एकत्रित होते थे। अब वह जीवंतता कहाँ चली गई?


आज, होली महज एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्यौहार के दिन घर के अंदर रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्यौहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को खत्म कर रही है।

एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठा होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। समूह में लोग होली की खुशियाँ बाँटने के लिए एक-दूसरे के घर जाते और फगुआ गाते थे। अब, वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। हर महीने और हर मौसम में एक नया त्यौहार आता है, जो हमें उस खुशी की याद दिलाता है जो वे ला सकते हैं। ये उत्सव हमें उत्साहित करते हैं, हमारे दिलों में उम्मीद जगाते हैं और अकेलेपन की भावनाओं को दूर करते हैं, भले ही कुछ पल के लिए ही क्यों न हो। हमें इस त्यौहारी भावना को संजोकर रखना चाहिए।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**12 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



**बुधवार** 2025 वर्ष का 71 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** त्रयोदशी 09.12 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 04.06 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** सुकर्मा 13.00 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 09.12 बजे तदनन्तर गर 21.51 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 03° 18'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872281
**जूलियन दिन** 2460746.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान
**तारीख** 11
**विशेष** मासी मागम।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.23 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 07.53 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 09.34 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.32 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 13.45 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.01 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.13 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.24 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.39 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 00.55 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मकर | 03.00 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.46 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 | बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 | बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 | बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 | बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 | बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 | बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 | बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 | बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 | बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 | बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 | बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### सांप के काटने से किशोर हुआ मूर्छित अस्पताल में भर्ती



**साहिबगंज:** जिले के मिजाचौकी में एक किशोर को सांप काटने से मूर्छित हो गया। मूर्छित किशोर को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में चिकित्सक प्रशांत कुमार के द्वारा इलाज प्रारंभ किया गया। बताया जा रहा है कि मिजाचौकी थाना क्षेत्र निवासी राजेश कुमार शाह के 17 वर्षीय पुत्र अमन कुमार रेलवे लाइन क्रॉस कर रहा था। उसी दौरान किसी सांप ने काट कर मूर्छित कर दिया। फिलहाल मूर्छित किशोर का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर प्रशांत कुमार के दिया गया।

### विधायक ने टाटा पावर प्रोजेक्ट का मामला शून्यकाल में उठाया



**कुकड़ू:** ईचागढ़ के विधायक सविता महतो नें शून्यकाल की सूचना के दौरान सदन में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चौड़ा में टाटा पावर प्रोजेक्ट का मामला को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान उन्होंने सदन में कहा कि कुकड़ू प्रखंड के मौजा चौड़ा, कुदा, सिरकाडीह, गुंदलीडीह, तिरुलडीह में टाटा पावर प्रोजेक्ट नें 3*660 एमभी यूनिट कंपनी लगाने के नाम से करीब 470 एकड़ जमीन का वर्ष 2010 में अधिग्रहण किया है लेकिन कंपनी द्वारा कोई भी काम शुरू नहीं हुआ है। यदि टाटा पावर कंपनी नहीं लगाना चाहती है तो लोगों को उनकी जमीन नियम के अनुसार वापस होनी चाहिए। उन्होंने आसन के माध्यम से सरकार से मांग किया कि टाटा पावर कंपनी द्वारा 470 एकड़ लिए गए भूमि को जमीन मालिकों को वापस किया जाए। उक्त बात कि जानकारी विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो नें दी।

### उचक्कों ने फिर उड़ाई पांच लाख के हीरे की चेन

**दुमका:** नगर थाना क्षेत्र में चेन छीने वाले उचक्कों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। जिन बाइक सवार दो युवकों ने रविवार को दो महिलाओं को अपना निशाना बनाया था, उन्हीं युवकों ने मंगलवार की सुबह अग्रसेन भवन से चंद कदम दूर करीब 65 साल की नारायणी देवी के गले से चेन छीन ली और आराम से फरार हो गए। वजनी चेन में हीरे का लाकेट लगा हुआ था। तीन दिन में दो असली और एक नकली चेन की छिनतई के बाद जेवर पहनकर निकलने वाली महिलाओं में दहशत है। महिला की शिकायत के बाद नगर थाना की टीम ने स्थल पर जाकर जांच की। सीसीटीवी खंगाला। इसमें रविवार को चेन छिनतई करने वालों का चेहरा सामने आया है। पुलिस दोनों की तलाश के लिए इधर उधर की दौड़ लगा रही है। अग्रसेन भवन के समीप सोल्टी नाश्ता की दुकान के सामने रहने वाली नारायणी देवी सुबह करीब दस बजे टाटा शोरूम स्थित दादी सती मंदिर में चल रहे मंगलपाठ में जाने के निकली। वह घर से कुछ दूर टोटो का इंतजार कर रही थी। तभी बाइक सवार दो युवक आए और गले से चेन छीनकर भाग गए। चेन वजनदार होने के कारण महिला का गला छिल गया। महिला के बेटे विनीत अग्रवाल ने बताया कि सीसीटीवी में जो दो युवकों का चेहरा सामने आया है, उन लोगों ने रविवार को दो महिलाओं को अपना निशाना बनाया था।

# सौर ऊर्जा से संचालित पहला संस्थान बना मदर केयर सेंटर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज/राजमहल :** प्रखंड अंतर्गत मंगलवार को सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के एक प्रमुख अंगीभूत कॉलेज, मॉडल कॉलेज राजमहल ने अपने परिसर में एक नए युग की शुरूआत की है। यह विश्वविद्यालय का पहला कॉलेज बन गया है, जो पूर्ण रूप से सौर ऊर्जा से संचालित होगा, जिससे न केवल बिजली की बचत होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक बड़ा कदम उठाया गया है। स्वास्थ्य और फिटनेस का नया आयाम - ओपन जिम का उद्घाटन छात्र-छात्राओं और युवाओं की फिटनेस को प्राथमिकता देते हुए एक मॉडर्न ओपन जिम की शुरूआत की गई है। इस जिम में अत्याधुनिक फिटनेस उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे विद्यार्थी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकें और एक ऊजार्वान जीवनशैली अपना सकें। हरियाली का संदेश-वृक्षारोपण अभियान कॉलेज प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत परिसर में पांच नए पेड़ लगाए गए, जो प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा देंगे।

**डिजिटल क्रांति - वाई-फाई और कंप्यूटर लैब की सौगात**

तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करते हुए कॉलेज में फ्री वाई-फाई सुविधा शुरू की गई, जिससे छात्र-छात्राएं बिना किसी बाधा के ऑनलाइन अध्ययन कर सकेंगे। साथ ही, एक उन्नत कंप्यूटर लैब का उद्घाटन भी किया गया, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा का लाभ मिलेगा। महिला सशक्तिकरण की नई पहल - मदर केयर सेंटर का शुभारंभ महिला छात्राओं की जरूरतों को समझते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह के विशेष प्रयास से मदर केयर सेंटर की स्थापना की गई। यह केंद्र खासतौर पर उन छात्राओं के लिए बनाया गया है, जो मातृत्व के दौरान अपने शिशुओं को सहजता से स्तनपान करा सकें। यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इतिहास और विरासत से जुड़ाव- राजमहल पहाड़ी फॉसिल संग्रहालय की स्थापना प्राकृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में राजमहल पहाड़ी फॉसिल संग्रहालय की स्थापना की गई। यह संग्रहालय क्षेत्र की भूगर्भीय विशेषताओं और प्राचीन जीवाश्मों के बारे में जानकारी प्रदान करेगा, जिससे छात्र-छात्राओं और शोधकताओं को लाभ मिलेगा। भव्य उद्घाटन समारोह विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति इस ऐतिहासिक अवसर पर सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, डीएफओ प्रबल गर्ग और राजमहल एसडीओ उपस्थित रहे।

## दहेज में बाइक नहीं देने पर नवविवाहिता की हत्या



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** जिला के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के रौंधिया गांव में मंगलवार को दहेज में बाइक नहीं दिए जाने पर नवविवाहिता की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। महिला की शादी कुछ माह पूर्व ही हिन्दू रीति रिवाज से हुई थी। मामलें को लेकर नवविवाहिता के पिता बिहार के बांका जिला के कटोरिया थाना क्षेत्र बोकनमा गांव निवासी वशिष्ठ ठाकुर ने अपने दामाद सहित अन्य पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। महिला के पिता के अनुसार उसकी 19 वर्षीय बेटी मनीषा की शादी सरैयाहाट थाना क्षेत्र के रौंधिया गांव निवासी विकास ठाकुर के साथ हुई थी। मंगलवार की सुबह विकास ने फोनकर बताया कि मनीषा की तबीयत खराब है। इस जानकारी के बाद जब वे बेटी के ससुराल पहुंचे तो उसकी बेटी मृत पड़ी थीं। जब उसने दामाद से पूछताछ की तो उसने बताया कि मनीषा ने फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। उसके गले और शरीर के अन्य जगहों पर जख्म के निशान भी देखें गए। सरैयाहाट पुलिस ने मृतक महिला के पिता के लिखित आवेदन पर मृतका के पति सहित तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी ताराचंद ने इस संबंध में बताया कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया है। अनुसंधान की जा रही है।

## जेएसएलपीएस की महिलाएं बना रही पलाश के फूल से हर्बल गुलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** फागुन के महीने में हर तरफ पलाश के फूल खिले है।होली की तैयारियों भी जोरों पर है।ईचागढ़ के जेएसएलपीएस की महिलाएं पलाश के फूल से हर्बल गुलाल बना रही है। स्वयं सहायता समूह के सदस्य हर दिन जंगल और खेतों से पलाश के फूल इकठ्ठा करते है।इसके बाद फूलों को सूखा कर हर्बल गुलाल तैयार किया जाता है। यह अबीर बाजार में बेचा जा रहा है, जिससे महिलाओं को लाखों रुपये का आय हो रही है। 20 किलोग्राम पलाश के फूल से एक किलोग्राम अबीर बनता है।इसे महिलाएं 200 ग्राम के पैकेट में पैक करती है, जिसकी कीमत 60 रुपये है।यह गुलाल पलाश फ्लाश मार्ट को दिया जाता है,जंहा से बाजार में बिक्री के लिए भेजा जाता है। पलाश मार्ट ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए बनाया गया है। प्रखंड परिसर में बीडीओ और सीओ ने किया स्टॉल का उद्घाटन ईचागढ़ प्रखंड परिसर में जेएसएलपीएस की स्वयं सहायता समूह की सदस्यों द्वारा बनाया गया हर्बल अबीर गुलाल का स्टॉल मंगलवार को लगाया गया।जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, अंचल अधिकारी दीपक प्रसाद एवं बीपीएम मनोहर टोप्पो आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर एफटीसी नरेश कुमार, भुवानी महतो, कुलदीप कुमार,विश्वजीत महतो,बिनीता कुमारी सहित कई स्वयं सहायता समूह की सदस्य शामिल थे।

## पुत्र के मुंडन कार्यक्रम के दौरान गोली चलने से पिता हुए घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले में इन दिनों अपराधियों के हौसले बुलंद है। दिनदहाड़े किसी भी घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। आज मामला नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओझा टोली मोहल्ले में गोली चलने से 39 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया घायल व्यक्ति को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात अस्पताल में चिकित्सक मोहन मुर्मू के द्वारा इलाज प्रारंभ किया गया। बताया जा रहा है भागलपुर जिला के पीरपैंती संबलपुर निवासी सुमित कुमार उर्फ सोनू ओझा साहिबगंज अपने मामा के घर आया था। जहां सुमित कुमार ओझा के दो पुत्र का सोमवार को घर में मुंडन का कार्यक्रम चल रहा था। वही बीती सोमवार की रात मुंडन हो रहा था। उसी दौरान अचानक गोली चल गई गोली चलने की आवाज सुनते ही घर के फैमिली से लेकर आसपास में खलबली मच गई।घटनास्थल पर जाकर देखा तो घर में ही सुमित कुमार ओझा उर्फ सोनू ओझा को गोली दाहिने पैर में लगी है। परिजनों ने इलाज के लिए सोमवार कि बीती रात सदर अस्पताल लाया। इधर अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ मोहन मुर्मू के द्वारा इलाज प्रारंभ किया गया। जहाँ नगर थाना इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता को सूचना मिलते ही अपने दलबल के साथ सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। थाना प्रभारी ने बताया कि हर्ष फायरिंग के द्वारा गोली लगी है। अपराधी की तलाश की जा रही है जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे। घायल के बयान पर मामला दर्ज कर ली गई है। पुलिस अपराधी की तलाश में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।

## विधायक प्रतिनिधि ने लोगों की समस्याओं का किया समाधान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने बरहरवा प्रखंड स्थित विधायक कक्ष में प्रत्येक मंगलवार की भांति जनता दरबार के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण एवं नगर पंचायत के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर संबंधित पदाधिकारी से वातार्लाप कर समस्याओं का निदान करने का प्रयास किया। इसी क्रम में चंदनपुर, माधोपाड़ा, विनोदपुर, मधुआपाड़ा, तलबड़िया, डोमपाड़ा बरारी, यादवनगर, पलासबोना, मयूरकोपीएम आवास, अबुवा आवास की राशि भुगतान संबंधित, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि न मिलने से संबंधित,जाति आय निवास से संबंधित, बिजली से संबंधित,पेंशन से संबंधित, गुरुजी क्रेडिट कार्ड आदि से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे। उपर्युक्त शिकायतों को सुनकर बरकत खान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से वातार्लाप कर कुछ समस्याओं का समाधान करवाने का प्रयास किया तथा बाकी समस्याओं का जल्द निदान हेतु संबंधित पदाधिकारीयों को निर्देश दिए गए। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि हमारे कांग्रेस पार्टी का मकसद है की लोगों का समस्याओं को देखकर एवं सुनकर उसे जल्द से जल्द निष्पादन करना हमारा पहली प्राथमिकता है। उच्च विद्यालय ग्वालखोर के हेड मास्टर मुस्ताक अहमद एवं सहायक मास्टर जहांगीर विद्यालय में सेट निर्माण हेतु विधायक प्रतिनिधि बरकत खान को आवेदन दिया। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष रंजीत टुडू, प्रखंड महासचिव नेहाल अख्तर, अनारूल खान, गणेश शाह, तपेश्वर शाह, विक्की कर्मकार, धर्मेंद्र साह, मोहसिन आदि उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड में झारखंड विकास परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन डुमरचीर पंचायत भवन में किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत की मुखीया रामी पहाड़ीन, संस्था सचिव सुवासिनी सोरेन, ग्राम प्रधान होपोनमय मुर्मू, वार्ड सदस्य पानमुनी मरांडी, महिला किसान समिति के अध्यक्ष सुमिता मरांडी, सेविका सोरेन, रल्त्रॠ के अध्यक्ष बसंती मरांडी व महिलाओं की संयुक्त रूप से दीप प्रजवालित कर किया। संस्था सचिव सुवासिनी सोरेन ने कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना व लैंगिक समानता की वकालत करना। इस वर्ष 2025 का थीम है ञसभी महिलाओं और लड़कियों के लिए: अधिकार। समानता। सशक्तिकरण, जो लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति को तेज करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देती है। यह दिन समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को दर्शाती है। यह थीम विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं को प्रभावित करने वाली प्रणालीगत बाधाओं और पूर्वाग्रहों को दूर करने के लिए त्वरित, निर्णायक उपायों की मांग करती है। डुमरचीर पंचायत की मुखिया रामी पहाड़ीन ने कहा की व्यक्तियों, समुदायों और संगठनों को प्रभावी रणनीतियों को लागू करने और महिलाओं की उन्नति को बढ़ावा देने वाले प्रयासों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करता है। बसंती मरांडी ने बताया की अभी भी महिलाओं को सामाजिक शोषण का सामना जैसे डायन प्रथा व अन्य समस्याओं सामना करना पड़ता है। इस महिला दिवस कार्य क्रम में विभिन्न स्लोगन के माध्यम से जैसे- नारी अबला नही सबला है; नारी के बिना पुरुष अधूरा है। नारी से ही घर पूरा है, और नारी को अबला समझना भारी भूल है। नारी इस संसार में जीवन का मूल है। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में जसींन्ता मिंज, मिनी सोरेन, अनीता मरांडी, मर्टिना हेम्ब्रम, दामू, फुलमूनी सोरेन, सुहागिनी मरांडी, अजय मुर्मू, साईमन, प्रेम, किरानी, दामू जी ने भाग लिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन संस्था के मनोरंजन सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम को शामिल सभी महिलाएं कार्यकताओं को समझ बनाने के लिए अहम भुमिका निभाई इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों ने भागलपुर में किया इंटर स्टेट एक्सपोजर विजिट



**साहिबगंज:** जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा, साहेबगंज के निदेर्शानुसार आत्मा समिति सहाय अनुदान योजना के तहत जिले के 45 किसानों को बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर में आयोजित किसान मेला सह वैज्ञानिक सम्मेलन में परिभ्रमण कराया गया। इस एक्सपोजर विजिट का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, नई फसलों और आधुनिक खेती के तरीकों से अवगत कराना था, जिससे वे अपने जिले में भी इन तकनीकों को अपनाकर कृषि उत्पादन में वृद्धि कर सकें। इस दौरान किसानों ने विभिन्न प्रदर्शन स्टॉलों पर जाकर जैविक खेती, नवीनतम बीज किस्मों, उन्नत कृषि यंत्रों और वैज्ञानिक पद्धतियों की जानकारी प्राप्त की। परिभ्रमण के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य, जल प्रबंधन और फसल सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया। किसानों ने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाया और विभिन्न उन्नत तकनीकों को सीखने के प्रति रुचि दिखाई। इस कार्यक्रम से प्रेरित होकर किसान अब अपने जिले में भी उन्नत तकनीकों को अपनाने के लिए तैयार हैं, जिससे क्षेत्र में कृषि विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### अंचल अधिकारी ने अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को किया जब्त



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पातकुम गांव के समीप मंगलवार सुबह को उपायुक्त के निदेर्शानुसार अंचल अधिकारी दीपक प्रसाद ने तीन अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर ईचागढ़ थाना को सुपुर्द कर दिया।वही अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद ने बताया कि मंगलवार सुबह को औचक छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमें पातकुम गांव के समीप तीन अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया और ईचागढ़ थाना को सुपुर्द किया गया।उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत से ईचागढ़ क्षेत्र से अवैध कारोबारी नहीं करने दिया जाएगा और जो भी इसमें सम्मलित है उसको चिन्हित करके करवाई किया जाएगा।

### हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह विक्रय केंद्र का जिप उपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**कुकड़ू:** मंगलवार को कुकड़ू प्रखंड कार्यालय परिसर में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित पलाश हर्बल गुलाल बिक्री प्रदर्शनी सह विक्रय केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरायकेला खरसावां जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो एवं कुकड़ू प्रखंड की बीडीओ राजश्री ललिता बाखला ने किया। यह प्रदर्शनी-सह-बिक्री होली के शुभ अवसर पर 13 मार्च 2025 तक संचालित रहेगी। उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंची जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने पलाश ब्रांड होली को बनाने वाली समूह की दीदीयों के कार्य को सराहा और कहा कि इस प्रदर्शनी में समूह के दीदी के द्वारा निर्मित पलाश हर्बल गुलाल गेंदा फूल, हल्दी एवं पलाश फूल आदि का प्रयोग कर बनाया गया है, जो इस होली के त्यौहार को और भी रंगीन और सुरक्षित बनाता है, पलाश हर्बल गुलाल विभिन्न रंगों में उपलब्ध है। इस दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष और बीडीओ ने लोगों से होली के त्यौहार में कुकड़ू प्रखंड आकर पलाश ब्रांड होली खरीदारी करने की अपील की। मालूम हो कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा राज्य की ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को बाजार में पहचान दिलाने के उद्देश्य से शुरू किए गए पलाश ब्रांड के अंतर्गत राज्यभर के विभिन्न जिलों की सैकड़ों ग्रामीण महिला उद्यमी इससे जुड़ी हुई हैं। जेएसएलपीएस द्वारा आयोजित पलाश हर्बल गुलाल बिक्री सह प्रदर्शनी केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम के मौके पर सीएलएफ अध्यक्ष हेमंती कुमार, देवनारायण महतो, ओंकार महतो, नृपेन मंडल, सानू कुमार, चपला कुमार, संध्या देवी, पानकी महतो आदि उपस्थित थे।

### सालुकडीह गांव में एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सालुकडीह गांव में एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उड़ीसा के झुमर कलाकार दीपक महतो एवं सुलोचना महतो के झूमर दल ने बांग्ला,उड़ीया,नागपुरी,कुरमाली आदि गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया। झुमर नृत्य का एक झलक पाने को लोग आतुर देखें गए। मनमोहक नृत्य से दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया।रात्रि में बंगाल के कलाकारों ने मानभूम छऊ नृत्य का जलवा दिखाकर लोगों का जमकर मनोरंजन कराया। बंगाल के बिनापानी छौ नृत्य क्लब उस्ताद हेम सिंह महतो तथा माझीहीड़ा यूनिवर्सल छौ एकेडमी उस्ताद तपन कुमार महतो ने रात भर छौ नृत्य दिखाया। छौ में रामायण महाभारत पर आधारित देव व दानवों का प्रस्तुती में गणेश बंदना, महिषासुर बध आदि का प्रदर्शन किया। मौके पर समाजसेवी खगेन महतो जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष तरुण महतो, सितु पंचायत मुखिया लक्ष्मी देवी, मुखिया प्रतिनिधि दयाल सिंह मुंडा सहित आयोजक कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

# सोने में तेजी के साथ कारोबार, चांदी के भाव में भी तेजी

**- सोने के भाव 85,600 रुपए, चांदी 96,800 रुपए के करीब**

**नई दिल्ली ।**

सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में तेजी देखने को मिल रही है। मंगलवार दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। मंगलवार को सोने के वायदा भाव 85,600 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 96,800 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में सुस्त शुरुआत के बाद सुधार देखने को मिल रहा है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 184 रुपये की तेजी के साथ 85,603 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 85,419 रुपये था। इस समय यह 214 रुपये की तेजी के साथ 85,633 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 281 रुपये की तेजी के साथ 96,746 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 96,465 रुपये था। इस समय यह 324 रुपये की तेजी के साथ 96,789 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं वैश्विक अंतरराष्ट्रीय बाजार में



सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई लेकिन बाद में इनके भाव सुधर गए। कॉमेक्स पर सोना 2,893.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,899.40 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.30 डॉलर की तेजी के साथ 2,900.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमिक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.46 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 32.53

# एचएफसीएल की सब्सिडियरी को आर्मी ने दिया काम, शेयरों 100 रुपए से भी है कम

HFCL

**नई दिल्ली।**

इंडियन आर्मी की तरफ से एचएफसीएल की सब्सिडियरी को काम मिला है। इस प्रोजेक्ट की कुल वैल्यू 44.36 करोड़ रुपए है। कंपनी के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। बीएसई में एचएफसीएल 84.81 रुपए के लेवल पर खुला। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 85.90 रुपए के लेवल पर था। एचएफसीएल ने बताया कि सब्सडियरी एचटीएल को 44.36 करोड़ रुपए का काम मिला है। कंपनी को इंडियन आर्मी को टैक्टिकल ऑप्टिकल फाइबल केबल एसेंबलीज का काम मिला है।

इससे पहले कंपनी ने बीएसएनएल के साथ फरवरी में समझौता किया है। पंजाब टेलीकॉम सर्किल में कंपनी को 2501.30 करोड़ का काम मिला है। दिसंबर क्वार्टर एचएफसीएल के लिए बहुत अच्छा नहीं रहा है। इस दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 10.40 फीसदी गिरा है। कंपनी का नेट प्रॉफिट 73.65 करोड़ रुपये रहा है। बता दें एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 82.24 करोड़ रुपए रहा। स्टॉक मार्केट में एचएफसीएल के शेयर संघर्ष करते दिखे हैं। बीते एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 15 फीसदी गिरा है। वहीं, इस साल अबतक यह स्टॉक 26 फीसदी टूट चुका है। एक साल पहले एचएफसीएल के शेयरों पर दांव लगाने वाले निवेशकों को अबतक 18 फीसदी का नुकसान हुआ है।

दो साल में कंपनी के शेयरों का भाव 23 फासदी बढ़े हैं जबकि इस दौरान सेंसेक्स में 26 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। वहीं, तीन साल में स्टॉक का रिटर्न महज 13 फीसदी ही रहा है। जोकि सेंसेक्स इंडेक्स के 34 फीसदी के रिटर्न से कम है।

# 11 से 15 मार्च तक 4 कंपनियां करने वाली हैं स्टॉक स्प्लिट

**नई दिल्ली ।**

इस हफ्ते चार कंपनियां अपने शेयरों का स्टॉक स्प्लिट करने जा रही हैं, जिससे उनके शेयर अधिक किफायती हो जाएंगे। स्टॉक स्प्लिट का मुख्य उद्देश्य छोटे निवेशकों के लिए शेयरों को सस्ता बनाना और बाजार में तरलता (लिक्विडिटी) बढ़ाना है। इससे ज्यादा निवेशक इन कंपनियों के शेयर खरीदने के लिए आकर्षित होंगे। आईओएल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स ने अपने स्टॉक को 10 रुपए प्रति शेयर से घटाकर 2 रुपए प्रति शेयर करने का फैसला किया है। कंपनी ने इसके लिए 11 मार्च 2025 को रिकॉर्ड डेट तय की है। इसका मतलब है कि जो निवेशक इस तारीख तक कंपनी के शेयर होल्ड करेंगे, उन्हें स्प्लिट के अनुपात में अतिरिक्त शेयर मिलेंगे। मेहाई टेक्नोलॉजी ने भी अपने शेयरों का स्टॉक स्प्लिट करने की घोषणा की है। इस कंपनी के शेयर 10 रुपए से 1 रुपए प्रति शेयर किए जाएंगे। इसका एक्स-डेट 13 मार्च और रिकॉर्ड डेट 14 मार्च 2025 तय की गई है। इसी तरह, शालीमार एजेंसिस भी अपने स्टॉक का विभाजन कर रही है। इसके शेयर भी 10 से 1 रुपए प्रति शेयर हो जाएंगे। इसका एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट भी 13 और 14 मार्च को तय किया गया है। इसके अलावा, शंगार डेकोर अपने शेयरों को 5 से 1 रुपए प्रति शेयर करने जा रही है। इस कंपनी के स्टॉक स्प्लिट के लिए भी एक्स-डेट 13 मार्च और रिकॉर्ड डेट 14 मार्च 2025 तय की गई है। स्टॉक स्प्लिट का मतलब होता है कि कंपनी अपने मौजूदा शेयरों को छोटे हिस्सों में विभाजित कर देती है। इससे शेयर की कीमत घट जाती है, लेकिन कंपनी का कुल बाजार मूल्य वही बना रहता है। उदाहरण के लिए, अगर किसी कंपनी ने 1:5 स्टॉक स्प्लिट किया है, तो पहले जो एक शेयर 100 रुपए का था, वह अब पांच हिस्सों में बंट जाएगा और प्रत्येक शेयर की कीमत 20 रुपए होगी। हालांकि, निवेशकों के कुल शेयरों का मूल्य 100 रुपए ही रहेगा। स्टॉक स्प्लिट से छोटे निवेशकों के लिए शेयरों को खरीदना आसान हो जाता है। जब किसी कंपनी के शेयर बहुत महंगे हो जाते हैं, तो खुदरा निवेशकों के लिए उन्हें खरीदना मुश्किल हो जाता है। इसलिए कंपनियां स्टॉक स्प्लिट करके उन्हें सस्ता बनाती हैं, जिससे ज्यादा लोग उनमें निवेश कर सकें।

# आटे की कीमतों में कमी की संभावना, दाल-रोटी होगी सस्ती!

**नई दिल्ली।**


देश में बुआई क्षेत्र बढ़ने और मौसम के अनुकूल रहने से रबी सीजन 2024-25 में गेहूं और चने के उत्पादन में बढ़ोतरी की उम्मीद है।गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन में 11.54 करोड़ टन तक की उम्मीद जताई जा रही है। इसके साथ ही चने की उम्मीद भी 1.15 करोड़ टन है, जो पिछले साल के उत्पादन से अधिक है। गेहूं की मुद्रास्फीति में भी वृद्धि का सूचना मिली है। इससे आटे की कीमतों में कमी की संभावना है। सरकार को भंडार भरने में मदद भी मिलेगी। लेकिन कम भंडार की वजह से बाजार में गेहूं की कीमतें बढ़ती जा रही हैं। सरसों के उत्पादन में थोड़ी कमी की सूचना भी है, जिससे खरीफ और रबी सीजन के कुल खाद्यान्न उत्पादन में भी हलचल है। केंद्र सरकार ने गेहूं के 3.2 करोड़ टन की खरीद का लक्ष्य रखा है।



# आरबीआई ने की भुगतान प्रणाली को बढ़ावा देने की घोषणा

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंक नियामकीय सुरक्षा के दायरे में न्यूनतम हस्तक्षेप वाले नियम सहित पेमेंट सिस्टम में इनोवेशन को बढ़ावा देने की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) की पहुंच का विस्तार करने की भी बात की। मल्होत्रा ने डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह-2025 के उद्घाटन के मौके पर इस पहल को महत्वाकांक्षी घोषित किया। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक, सरकार, बैंक और भुगतान प्रणाली संचालक ने साथ मिलकर डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया का स्थायी लाभ देखा, लेकिन तब भी दिया कि अभी भी काम शेष है। आने वाले समय में उन्होंने तीन मुख्य क्षेत्रों पर काम करने का ऐलान किया - इनोवेशन को बढ़ावा देना, जागरूकता पैदा करना और अधिक कुशल सीमापार भुगतान को बढ़ावा देना। मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि आरबीआई सॉफ्ट टच नियमों के माध्यम से सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देते हुए नवाचार को प्रोत्साहित करता रहेगा। उन्होंने भुगतान परिवेश और




वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) के लिए कम हस्तक्षेप वाले दृष्टिकोण को अपनाने की भी बात की। उन्होंने कहा कि आरबीआई इन विनियमों के साथ अलग-अलग पहलुओं को संतुलित करने का प्रयास कर रहा है।

कुल मिलाकर भारतीय रिजर्व बैंक अपनी सुरक्षा और विनियमितता के साथ पेमेंट सिस्टम में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए नए कदम उठा रहा है। यह पहल भारत के डिजिटल भुगतान क्षेत्र को मजबूती देगी और उसे जागरूक और सुरक्षित बनाए रखने में मदद करेगी।

## थर्मैक्स केमिकल ने ओसीक्यू के साथ संयुक्त उद्यम बनाया

**नई दिल्ली ।**

थर्मैक्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी थर्मैक्स केमिकल सॉल्यूशंस ने ब्राजील की केमिकल कंपनी ओस्वाल्डो क्रूज क्यूमिका इंडस्ट्रिया ई कॉमर्सियो लिमिटेड (ओसीक्यू) के साथ एक विशेष शेयरधारक समझौता किया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। समझौते के अनुसार, थर्मैक्स नई इकाई में 51 प्रतिशत की बहुलांश हिस्सेदारी रखेगी, जबकि ओसीक्यू के पास बाकी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। कंपनी ने कहा कि संयुक्त उद्यम थर्मैक्स के मौजूदा संसाधनों, बुनियादी ढांचे और ग्राहक आधार का उपयोग करके ओसीक्यू द्वारा तैयार सामग्री का विनिर्माण, व्यापार, विपणन और बिक्री करेगा। गुजरात में थर्मैक्स के झगड़िया संयंत्र में ऐक्रेलिक रेजिन के साथ उत्पादन शुरू होगा। थर्मैक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीष भंडारी ने कहा कि ओसीक्यू अपने क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी है, और उनके साथ साझेदारी करने से हमें कई उद्योगों के लिए उच्च प्रदर्शन वाले रसायनों का निर्माण और वितरण करने में मदद मिलेगी।




## अमेजन ने दिव्यांग महिला विक्रेताओं का समर्थन करने यूथ4जॉब्स से साझेदारी की

**नई दिल्ली ।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने डिजिटल ई-कॉमर्स परिवेश में दिव्यांग महिला विक्रेताओं का समर्थन करने के लिए यूथ4जॉब्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। इसके तहत इन महिलाओं को जरूरी प्रशिक्षण, संसाधन और उपकरण दिए जाएंगे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि साझेदारी के तहत, अमेजन सहेली कार्यक्रम कार्यशालाओं का आयोजन करेगी। इस साझेदारी का मकसद दिव्यांग महिलाओं और व्यापक बाजार अवसरों के बीच की खाई को पाटना और उन्हें अपने व्यवसाय को ऑनलाइन बढ़ाने के लिए अमेजन मंच का लाभ लेने में मदद करना है। अमेजन इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि यूथ4जॉब्स के साथ हमारे सहयोग का उद्देश्य दिव्यांग महिलाओं को हमारे ई-कॉमर्स मंच पर सफल व्यवसाय बनाने के लिए उपकरण और अवसर देकर उनका समर्थन करना है। हमारा मानना है कि यह पहल एक अधिक समावेशी डिजिटल बाजार बनाने में सहायता करेगी।

## हिंदुस्तान जिंक ने सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ समझौता किया

**नई दिल्ली ।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने 530 मेगावाट तक हरित बिजली की आपूर्ति के लिए सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ समझौता किया है। इस बिजली आपूर्ति समझौते (पीडीए) के साथ हिंदुस्तान जिंक की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 450 मेगावाट से बढ़कर 530 मेगावाट हो जाएगी। इसके साथ ही कंपनी की कुल बिजली जरूरत में हरित ऊर्जा का योगदान 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। हिंदुस्तान जिंक ने शेयर बाजार को बताया कि यह अपनी तरह का पहला चौबीसों घंटे चलने वाला नवीकरणीय ऊर्जा पीडीए है, जो हर 15 मिनट में न्यूनतम 315 मेगावाट निर्बाध बिजली आपूर्ति की गारंटी देता है।

## सेबी ने एसएमई आईपीओ के नियम किए सख्त

**मुंबई ।** सेबी ने छोटे व मझोले उद्योगों (एसएमई) के लिए आईपीओ लाने के नियमों का सख्त कर दिया है। इसके मुताबिक इश्यू लाने वाली कंपनियों का पिछले तीन वित्त वर्षों में से दो वित्त वर्ष में परिचालन मुनाफा लगभग एक करोड़ रुपये होना चाहिए। साथ ही, ऑफर फॉर सेल के तहत प्रमोटर्स 20 फीसदी से ज्यादा हिस्सा नहीं बेच सकते हैं। सेबी ने सर्कुलर में कहा कि एसएमई आईपीओ के लिए न्यूनतम आवेदन आकार को बढ़ाकर दो लॉट किया गया है। विक्रेता शेयरधारकों को अपनी मौजूदा हिस्सेदारी के 50 फीसदी से अधिक बिक्री की अनुमति नहीं होगी। नियमों को सख्त करने का मकसद निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड वाले एसएमई को फंड जुटाने का मौका देना है। सर्कुलर के मुताबिक आईपीओ लाने वाली कंपनियों को समाचार पत्रों में घोषणाएं प्रकाशित करने और मसौदे तक आसान पहुंच के लिए क्यूआर कोड भी देना होगा। एसएमई आईपीओ में सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्य के लिए आवंटित राशि कुल निर्गम आकार का 15 फीसदी या 10 करोड़ रुपये, जो भी कम हो पर सीमित की गई है। निर्गम से प्राप्त आय से कर्ज चुकाने की अनुमति नहीं होगी। पाम तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने साबुन के दाम बढ़ाने की घोषणा की है। कीमतों में वृद्धि धीरे-धीरे होगी। कंपनी ने कहा, पाम तेल के महंगे होने से उसके मार्जिन पर असर दिख रहा है। हाल के महीनों में शीर्ष उत्पादक इंडोनेशिया और मलेशिया में बाढ़ के कारण पाम तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है। इससे उपभोक्ता सामान बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों को उत्पादों की कीमतें बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

# शेयर बाजार में सपाट कारोबार

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिय भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली से आई है। आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला बीच में उसमें रिकवरी हुई पर अंत में इसके बाद भी बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 12.85 अंक तकरीबन 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 74,102.32 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी अंत में 37.60 तकरीबन 0.17 फीसदी बढ़कर 22,497.90 पर बंद हुआ।

बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.7 फीसदी की बढ़त रही जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.7 फीसदी की गिरावट आई। निफ्टी में सबसे ज्यादा सन फार्मा, आईसीआईसीआई बैंक, श्रीराम फाइनेंस और बीपीसीएल के शेयर ऊपर आये। वहीं इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड कॉर्प और एमएंडएम के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई पर 2,469 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,499 शेयरों में बढ़त रही।

धातु , संपत्ति, टेलीकॉम, ऑयल एंड गैस में 0.5 से 3 फीसदी तक की बढ़त रही जबकि




ऑटो, आईटी और बैंक सेक्टर में 0.3 से 0.7 फीसदी की गिरावट रही। बाजार जानकारों ने कहा, ÷अमेरिका और अन्य एशियाई बाजारों में चल रहे ट्रेड वॉर और आर्थिक मंदी की चिंताओं से हुई भारी बिकवाली के बाद भी घरेलू बाजार धीरे-धीरे संभल रहा है।÷

वहीं एशियाई बाजारों में, टोक्यो और सियोल निचले स्तर पर बंद हुए, जबकि हांगकांग स्थिर रहा। शंघाई स्टॉक मार्केट हरे निशान में बंद हुआ। अमेरिकी बाजारों में गिरावट रही। एसएंडपी 500 में 2.6 फीसदी और नैस्डैक में 4 फीसदी की गिरावट रही। वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 485.41 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 263.51 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। इससे पहले आज सुबह अमेरिकी और एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट की वजह से भारतीय बाजार की शुरुआत भी कमजोर रही। बीएसई सेंसेक्स 371 अंकों की गिरावट के साथ 73,744 पर खुला। एनएसई निफ्टी50 भी 100 अंक से ज्यादा टूटकर 22,346 पर कारोबार शुरू किया।

## सरकार ने उड़द शुल्क मुक्त आयात मार्च 2026 तक बढ़ाया

**नई दिल्ली ।** सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को 31 मार्च, 2026 तक एक और साल के लिए बढ़ा दिया है। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। पहले यह प्रावधान इस साल मार्च तक था। म्यामां भारत को उड़द का मुख्य निर्यातक देश है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि इस कदम से घरेलू बाजारों में दलहन कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में उड़द का आयात अप्रैल-नवंबर के दौरान 60.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। इसमें 54.9 करोड़ डॉलर का आयात म्यामां से किया गया। भारत, म्यामां के अलावा सिंगापुर, थाईलैंड और ब्राजील से उड़द का आयात करता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा उड़द उत्पादक और उपभोक्ता है।

# एलन मस्क की संपत्ति में भारी गिरावट, 301 अरब डॉलर रह गई


**- कुछ हफ्तों में 132 अरब डॉलर घटी दौलत**

**वाशिंगटन ।**

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की कुल संपत्ति 301 अरब डॉलर हो गई है। हालांकि, उनकी नेटवर्थ में सोमवार को 29 अरब डॉलर की भारी गिरावट दर्ज की गई। इस साल की शुरुआत से अब तक उनकी संपत्ति में 132 अरब डॉलर की गिरावट आ चुकी है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार दिसंबर 2024 में उनकी कुल संपत्ति 486 अरब डॉलर के शिखर पर थी, लेकिन सोमवार को ही उनकी नेटवर्थ में 29 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई। मस्क की संपत्ति में आई गिरावट का मुख्य कारण टेस्ला के शेयरों में गिरावट, निवेशकों की चिंता और प्रमुख बाजारों में बिक्री में कमी को माना जा रहा है। हालांकि, वे अकेले नहीं हैं जो इस वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं। अमेजान प्रमुख जेफ बेजोस, अल्फाबेट के पूर्व प्रेसिडेंट सर्गेई ब्रिन, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और एलवीएमएच के सीईओ बर्नार्ड अरनॉल्ट सहित कई अरबपतियों की संपत्ति घटी है। इन अरबपतियों ने डॉनल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से अब तक 209 अरब डॉलर गंवा दिए हैं। बाजार में गिरावट और अमेरिका की सरकारी नीतियों में अस्थिरता को इसकी बड़ी वजह माना जा रहा है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की संपत्ति में गिरावट जारी है। इसकी बड़ी वजह उनके राजनीतिक विचार और अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख के रूप में उनकी भूमिका मानी जा रही है। मस्क के इन फैसलों का सीधा असर टेस्ला की बिक्री पर पड़ा है। जर्मनी में कंपनी की ऑर्डर बुक 70 फीसदी से ज्यादा गिर गई है। वहीं चीन से होने वाली टेस्ला की शिपमेंट में भी 49 फीसदी की भारी गिरावट आई है, जो जुलाई 2022 के बाद का सबसे निचला स्तर है। इसके अलावा, चुनाव के बाद टेस्ला के शेयरों में जो थोड़ी बढ़त देखी गई थी, वह भी खत्म हो गई है। निवेशकों का भरोसा भी कमजोर हो रहा है, जिससे मस्क की नेटवर्थ में गिरावट जारी है। एमेजना के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन जेफ बेजोस की संपत्ति में 29 अरब डॉलर की गिरावट आई है। यह गिरावट तब आई जब अमेज़न के शेयर 14 फीसदी टूट गए, जिसका असर बेजोस की नेटवर्थ पर पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक बेजोस ने डॉनल्ड ट्रंप के उद्घाटन समारोह के लिए 1 मिलियन डॉलर डोनेट किए थे, लेकिन बदलती सरकारी नीतियों और बाजार की अनिश्चितता की वजह से उनकी संपत्ति में भारी गिरावट देखी गई। मेटा के शेयर 2025 में शुरू में बढ़े, लेकिन बाद में सारे फायदे मिट गए। इस उतार-चढ़ाव की वजह से मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति में 5 अरब डॉलर की कमी आई। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फावेट के पूर्व अध्यक्ष और सह-संस्थापक सर्जरी ब्रिन को भी बड़ा झटका लगा है।

## अक्टूबर-दिसंबर में जापान की अर्थव्यवस्था 2.2 फीसदी दर से बढ़ी

**टोक्यो ।** जापान ने वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 2.8 प्रतिशत से घटाकर 2.2 प्रतिशत वार्षिक कर दिया है। जापान के मंत्रिमंडल कार्यालय ने कहा कि उपभोक्ता खर्च में कमी से मांग प्रभावित हुई। सरकार का कहना है कि अर्थव्यवस्था में सामान्य सुधार हो रहा है। तिमाही आधार पर मौसमी रूप से समायोजित वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद 0.6 प्रतिशत बढ़ा। पहले इसके 0.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान था। समीक्षाधीन अवधि में निजी मांग में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई।



## इंडसइंड बैंक का शेयर 23 फीसदी टूटा

**नई दिल्ली ।** इंडसइंड बैंक के शेयर में मंगलवार को सुबह के कारोबार में 23 फीसदी की गिरावट आई। लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ इंडसइंड बैंक का शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। निजी क्षेत्र के बैंक ने अपने वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो में कुछ विसंगतियों की सूचना दी थी, जिसके चलते यह गिरावट हुई। बीएसई पर इंडसइंड बैंक का शेयर 22.8 फीसदी गिरकर 695.25 रुपये प्रति शेयर के निचले सर्किट पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 21.67 फीसदी गिरकर 705.35 रुपये प्रति शेयर के 52 सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। इंडसइंड बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया था कि उसके वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो से संबंधित प्रक्रियाओं की आंतरिक समीक्षा के दौरान, उसने कुछ विसंगतियां पाईं। बैंक ने कहा कि उसने विस्तृत आंतरिक समीक्षा में दिसंबर 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति पर लगभग 2.35 प्रतिशत के प्रतिकूल प्रभाव का अनुमान लगाया है।

# मॉरिशस पीएम के पैतृक गांव भोजपुर में जश्न का माहौल

## दो दिवसीय दौरे पर हैं PM मोदी, परिजन बोलें- हरिगांव आने का न्योता दें नरेंद्र मोदी





**आरा।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मॉरीशस पहुंचे हैं। मॉरीशस के 57वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देश ने पीएम मोदी को गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आमंत्रित किया है। मॉरीशस के ढट डॉ. नवीन चंद्र राम गुलाम ने प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण स्वीकार करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी करना हमारे देश के लिए एक सौभाग्य की बात है। वहीं इस मौके पर भोजपुर में भी खुशी मनाई गई है। PM डॉ. नवीन चंद्र राम गुलाम के पैतृक गांव भोजपुर के हरिगांव में PM नवीन चंद्र राम गुलाम और उनके दादा मोहित राम गुलाम की तस्वीर पर अबीर गुलाल लगाकर खुशी जाहिर की गई है। वहीं सर शिवसागर राम गुलाम की चौथी पीढ़ी यानी हरिशंकर महतो के बेटे संतोष कुमार ने कहा कि अब इससे बड़ी खुशी की क्या होगी। जब एक देश के प्रधानमंत्री उस देश में जा रहे है, जिसे एक छोटा भारत कहा जाता है। उस देश के प्रधानमंत्री का इस हरिगांव से खून का रिश्ता है। इस गांव के लिए और भोजपुर जिले के लिए बहुत खुशी की बात है है। यहां के लोग उस देश में जाकर फ्रांसीसी से आजाद दिलाए अब उससे ज्यादा खुशी की क्या बात हो सकती है। वहीं मॉरिशस के प्रधानमंत्री डॉक्टर नवीन चंद्र राम गुलाम के परिजनों की मांग है कि मॉरिशस के राष्ट्रपिता सर शिवसागर राम गुलाम का स्टेच्यू हरिगांव में लगे, जैसे पटना में गांधी मैदान के कोने में लगा हुआ है वैसे ही इस गांव में लगे। इसके साथ ही डॉक्टर नवीन चंद्र राम गुलाम को हरिगांव लेकर आए जैसे 2008 में लेकर आए थे। हम लोग चाहते हैं कि इस परिवार से डॉक्टर नवीन चंद्र राम गुलाम मिले क्योंकि इस परिवार से खून का रिश्ता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां जा रहे हैं, तो उनसे निवेदन है कि वहां के प्रधानमंत्री को हमारा परिवार मिलना चाहता है। 2008 में आए थे, लेकिन प्रोटोकॉल की वजह से नहीं मिल पाए। संतोष ने मांग की है पटना के तर्ज पर उनके गांव हरिगांव में मॉरिशस के प्रथम प्रधानमंत्री सह राष्ट्रपिता सर शिवसागर राम गुलाम की आदमकद प्रतिमा लगाया जाए। सरकार उन्हें उनके परिवार से मिलाए. नवीनचंद्र राम गुलाम के रिश्ते में भतीजे लगने वाले सुनील कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, डॉक्टर नवीन चंद्र राम गुलाम के वंशजों की तरफ से निमंत्रण देते हुए कहें कि वह अपने पैतृक गांव हरिगांव आएं और वंशजों से जरूर मिले । 2008 में वंशजों से नहीं मिलने दिया गया था यह काफी दुख की बात थी। वहीं पंचायत के मुखिया विजय शंकर चौबे ने कहा कि गांव में काफी खुशी मनाई जा रही है। इस मिट्टी का लाल PM मोदी, मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉक्टर नवीन चंद्र राम गुलाम की आमंत्रण पर मिलने जा रहे हैं

## शेखपुरा से लापता नाबालिग दिल्ली से बरामद



**शेखपुरा।** में एक महीने पहले लापता हुई 16 वर्षीय छात्रा को पुलिस ने दिल्ली से बरामद कर लिया है। नगर थाना पुलिस ने बताया कि किशोरी दसवीं कक्षा की छात्रा है और स्कूल जाते समय लापता हो गई थी। पुलिस इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि 12 फरवरी को किशोरी के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में गांव के युवक विक्रम कुमार पर अपहरण का आरोप लगाया गया था। पुलिस सब इंस्पेक्टर प्रीति कुमारी के नेतृत्व में टीम ने किशोरी को दिल्ली से बरामद किया। किशोरी को मेडिकल जांच के बाद शेखपुरा सिविल कोर्ट में पेश किया गया। वहां उसका बयान धारा 164 के तहत दर्ज किया गया। सूत्रों के अनुसार, यह प्रेम प्रसंग का मामला है। किशोरी विक्रम कुमार के साथ दिल्ली भाग गई थी, जहां दोनों ने मंदिर में शादी कर ली। पुलिस ने भी इस घटना को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा है। हालांकि, आरोपी विक्रम कुमार अभी तक गिरफ्तार नहीं हो पाया है।

# पटना में ग्राम रक्षा दल का प्रदर्शन



**पटना।** में मानदेय बढ़ाने और स्थाई नौकरी की मांग को लेकर ग्राम रक्षा दल सह पुलिस मित्र ने प्रदर्शन किया। कारगिल चौक से विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे। इससे पहले पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को जेपी गोलंबर को रोक दिया। जिसके बाद प्रदर्शनकारी जेपी गोलंबर पर ही बैठ गए। प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर पासवान ने बताया कि वेतनमान और स्थाई नौकरी हमारी प्रमुख मांग है। लंबे समय से सिर्फ आश्वासन ही मिलता आ रहा है। बीजेपी-जेडीयू और आरजेडी-जेडीयू गठबंधन की सरकार ने हमलोगों के लिए कुछ नहीं किया। कोई सुनवाई नहीं हो रही है।कैमरे के सामने रोते हुए प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कोई सुनने वाला नहीं है। हमलोग कहां जाएं। ग्राम रक्षा दल के सदस्यों से थानों पर पुलिस की तरह काम लिया जाता है। बड़े-बड़े सरकारी आयोजनों में ड्यूटी लगाई जाती है। इसके बदले वेतन भी नहीं मिलता है। नौकरी भी स्थाई नहीं है। घर चलाना मुश्किल हो रहा है। काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# होली पर शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन सतर्क



**तारापुर।** होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर तारापुर थाना में शांति समिति की बैठक हुई। अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में सामाजिक और राजनीतिक कार्यकताओं के साथ नगर पंचायत और त्रिस्तरीय पंचायत के सदस्य भी शामिल हुए। अनुमंडल पदाधिकारी ने क्षेत्र में होली को लेकर जानकारी ली। तय हुआ कि प्रशासन 12 से 15 मार्च तक लगातार सक्रिय रहेगा। 13 मार्च को होलिका दहन को लेकर विशेष निर्देश दिए गए। पंचायत के मुखिया को भी जिम्मेदारी दी गई कि वे सतर्क रहें। किसी की संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचे। सरकारी सड़कों पर होलिका दहन नहीं हो। अगर मजबूरी हो तो नीचे ईंट की परत बिछाकर ही दहन करें। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने भी सतर्कता बरतने की अपील की। छुट्टी में घर लौट रहे लोगों को जबरन कीचड़ या रंग नहीं लगाया जाए। इसके लिए पुलिस की गश्त लगातार जारी रहेगी। इस बार होली और रमजान एक ही दिन पड़ने से मस्जिदों और आसपास के इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत बताई गई। किसी को जबरन रंग नहीं लगाया जाए। एक-दूसरे के त्योहारों का सम्मान किया जाए। नशे की बिक्री और सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वाहनों, डीजे और अन्य जगहों पर अश्लील गानों पर रोक रहेगी। केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल नहीं होगा। दुकानों में बिक रहे रंगों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। अग्निशमन और चिकित्सा पदाधिकारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। राजनीतिक और सामाजिक कार्यकताओं से अपील की गई कि वे अफवाहों और छोटे विवादों को बढ़ने से रोकें। जरूरत पड़ने पर प्रशासन को तुरंत सूचना दें।बैठक के उपरांत सभी पदाधिकारी ने एक दूसरे अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। बैठक में थानाध्यक्ष राजकुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी ऋचा प्रभा, मिथिलेश सिंह मौजूद रहे।

## पुलिस में सिपाही के 19,838 पदों के लिए भर्ती



**पटना।** बिहार पुलिस में सिपाही के 19,838 पदों पर नई भर्ती होगी। महिलाओं के लिए 6 हजार 17 पद आरक्षित है। 18 मार्च से 18 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे। सभी अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करेंगे। CSBC के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने इसकी घोषणा मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की है। आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने कहा इसके लिए विज्ञापन आज प्रकाशित कर रहे हैं। विज्ञापन को आज वेबसाइट पर जारी कर दिया जाएगा। 18 मार्च 2025 से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। 18 अप्रैल 2025 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि सभी अभ्यर्थियों से अपील है कि विज्ञापन को अच्छे तरीके से पढ़ें। इसके बाद ही ऑनलाइन फॉर्म को भरना शुरू करें। आवेदन पत्र जमा करने के बाद उम्मीदवारों को निर्धारित शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। लिखित के बाद फिजिकल भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा (ढएळ) होगी। इसमें सामान्य ज्ञान और बुनियादी विषयों से प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके बाद योग्य उम्मीदवारों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा, जिसमें दौड़, ऊंची कूद और गोला फेंक जैसी गतिविधियां शामिल होंगी। इस चरण में सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

# BJP में एडवोकेट स्मृति कुमारी को बड़ी जिम्मेदारी



**सुपौल।** भारतीय जनता पार्टी सुपौल ने संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बड़ा फैसला लिया है। बीजेपी ने नगर पंचायत सिमराही निवासी और वार्ड पार्षद सह एडवोकेट स्मृति कुमारी को जिला मंत्री पद की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल की सहमति और भाजपा सुपौल जिलाध्यक्ष नरेंद्र ऋषिदेव के निर्णय अनुसार की गई। स्मृति कुमारी ने पार्टी नेतृत्व का जताया आभारइस अवसर पर स्मृति कुमारी ने पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और जनसेवा को प्राथमिकता देने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से सहयोग एवं समर्थन की अपील की।भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशीएडवोकेट स्मृति कुमारी की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जश्न का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने आशा जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा। स्थानीय जनता ने भी उनके समाजसेवा के प्रति समर्पण की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्मृति कुमारी की इस नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिल रहा है।बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दी बधाईपार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि स्मृति कुमारी संगठन को नई दिशा प्रदान करेंगी और पार्टी को अधिक सशक्त बनाएंगी। उनके जिला मंत्री बनने पर भाजपा नेता सचिन माधोगरिया, बैद्यनाथ भगत, नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता, महामंत्री राजकुमार पोद्दार, प्रशांत वर्मा, मंडल अध्यक्ष भरत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

# बिहार में चुनाव से पहले 52,525 अफसरों की नियुक्ति होगी



**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले 52 हजार 525 अफसरों की नियुक्ति होगी। इनमें 12 हजार 437 से ज्यादा बिहार कर्मचारी आयोग से तो 16 हजार 513 अफसरों की नियुक्ति BPSC के जरिए होगी। ये जानकारी बिहार सरकार में मंत्री विजय चौधरी ने मंगलवार को विधानसभा में दी। दरअसल, विधानसभा में बजट सत्र के आठवें दिन मंत्री विजय चौधरी सामान्य प्रशासन विभाग का बजट सदन में पेश कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, 'चुनाव से पहले नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसमें 176 न्यायिक सेवा के अधिकारी हैं।'विजय चौधरी ने कहा, 'बिहार में 38 लाख हेक्टेयर जमीन की सिंचाई हो रही। है। 15 लाख हेक्टेयर जमीन की सिंचाई शेष है। इसको कवर करने की कोशिश की जा रही है। बाढ़ नियंत्रण को लेकर भी सरकार गंभीर है और कम कर रही है। राज्य के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है। बाढ़ नियंत्रण को लेकर हाइलेवल डैम बनाने की जरूरत है। इसको लेकर नेपाल में जगह चिन्हित कर लिया गया है, लेकिन नेपाल बनने नहीं देता है।' मंत्री विजय चौधरी के जवाब के बाद सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले BJP विधायक हरिभूषण बचौल ने बाबा बागेश्वर के बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा- 'भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा। बिहार में पहले से हिंदू राज है। देख लीजिए, मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री सब हिंदू है।' 'जब हिंदू मुसलमान का बंटवारा हुआ था। तब से भारत हिंदू राष्ट्र है ही। बाबा धीरेंद्र शास्त्री सनातनी को एकजुट करने आए हैं।'RJD विधायक रामवृक्ष सदा ने बाबा बागेश्वर पर निशाना साधते हुए कहा- 'वो अगर हिंदू रहते तो हर हमेशा हिंदू की रट नहीं लगाते। सबसे पहले बाबा बागेश्वर हिंदू बनने के लिए कहिए। उसके बाद दूसरे को कहिए।'

बचौल के बयान पर आरजेडी विधायक ने कहा- 'देश संविधान से चलता है। किसी के बोलने से नहीं। आगे बिहार में चुनाव है। ये लोग दंगा करवा कर सत्ता हासिल करना चाहते हैं। हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी आपस में भाई-भाई हैं।'बचौल बोले- मेरा बाप चारा चोर नहीं था सोमवार को BJP विधायक हरिभूषण सिंह बचौल ने होली पर मुसलमानों को घर में रहने की सलाह दी थी। उनके बयान पर सियासत गरमा गई है। बचौल के बयान के बाद तेजस्वी ने कहा था- 'बचौल या उसके बाप का राज है क्या।' नेता प्रतिपक्ष के इस बयान पर बचौल ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा- 'मेरा बाप सजायाफ्ता नहीं है। किसी के पिता की तरह मेरा बाप जेल नहीं गया है। चारा चोर नहीं था। ना ही पशुओं का चारा खाया है।' विधानसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई जो एक बार बीच में ब्रेक हुई। लंच के बाद कार्यवाही फिर शुरू हुई जो शाम 5 बजे तक चली। इसके बाद कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।आरा में सोमवार को 25 करोड़ के गहनों की लूट पर विधान परिषद में सीएम नीतीश कुमार ने कहा, 'जहां कहीं भी पता चलता है, तुरंत हम लोग एक्शन लेते हैं। हमको भी ऐसी घटना पर दुख होता है। पता नहीं कौन गड़बड़ करता रहता है। हम तो तुरंत एक्शन लेते हैं। जहां के बारे में शिकायत है लिखकर दीजिए एक्शन होगा।' 38 जिलों में सावित्रीबाई फुले के नाम पर अस्पताल बनेंगे सम्राट चौधरी ने विधान परिषद में कहा, 'बिहार के सभी 38 जिलों में सावित्रीबाई फुले के नाम पर सरकार हॉस्टल बनवाएंगे। बिहार के सभी प्रखंड में डिग्री कॉलेज बनाने का संकल्प सरकार ने लिया है। साथ ही 223 करोड़ रुपए से वीमेंस हॉस्टल भी बनाया जाएगा। इसमें भारत सरकार भी राशि दे रही है।' स्वास्थ्य विभाग में 11, 925 नियुक्तियां होंगी विधान परिषद में प्रोफेसर संजय कुमार के सवाल का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि 'फार्मासिस्ट पद के लिए 2473, एक्स-रे टेक्नीशियन के लिए 1232, ECG टेक्नीशियन के लिए 242, लैब टेक्नीशियन के लिए 2969, सर्जरी असिस्टेंट के लिए 1683, ड्रेसर के लिए 3326 पदों पर भर्ती होगी। बहाली के लिए विज्ञापन को सहमति दी जा चुकी है।

## संक्षिप्त डायरी

### योग दर्शन के लिए है, शक्ति प्रदर्शन के लिए नहीं



**मुंगेर।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर ने सोमवार को मुंगेर के जेएसए मैदान में उज्जवल बिहार महासत्संग को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि योग शक्ति प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि दर्शन के लिए होता है। आर्ट ऑफ लिविंग का दिया मूल मंत्री रविशंकर ने श्रद्धालुओं को स्वस्थ और प्रसन्नचित रहने के मूल मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को हर परिस्थिति में प्रसन्नचित रहना चाहिए। मनुष्य को ज्ञान के पथ पर चलना चाहिए। ध्यान से शरीर को शक्ति मिलती है। इससे बुद्धि में तीक्ष्णता आती है।मां चंडिका धाम में की पूजा-अर्चना कार्यक्रम के बाद श्री श्री रविशंकर को अंगवस्त्र और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद वे मां चंडिका स्थान पहुंचे और पूजा-अर्चना की। वहां से वे बोधगया में होने वाले अगले कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। उनके आगमन को लेकर सफियाबाद स्थित हवाई अड्डे पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई। मुंगेर से जमालपुर कार्यक्रम स्थल तक भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

### सड़क हादसे में 1 मौत, 2 घायल



**बेगूसराय।** में तेज रफ्तार बाइक के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए हैं। घटना मंझौल-गढ़पुरा सड़क पर महुआ मोर के समीप की है। मृतक की पहचान मंझौल पंचायत-3 के वार्ड नंबर-3 निवासी धनिक सदा के पुत्र बुग्गी सदा (37) के रूप में हुई है। हादसे में छोटे सदा का पुत्र संजय सदा (30) एवं जंगली सदा का पुत्र रविन्द्र सदा (32) गंभीर रूप से घायल है। घटना के संबंध में वार्ड सदस्य सुधीर सदा ने बताया कि पल्सर बाइक पर सवार तीनों युवक रात में मंझौल बाजार से लौट रहा था। इसी दौरान महुआ मोड़ के समीप ट्रक ने ठोकर मारकर कुचल दिया। जिसमें बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। थोड़ी देर बाद मौके पर से गुजर रही पुलिस ने तीनों को उठाकर अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई, सूचना मिलते ही हम लोग पहुंचे। इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल बुग्गी सदा की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले की जांच में जुटी पुलिस संजय सदा और रविन्द्र सदा का इलाज चल रहा है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक को छह बच्चे थे, जिनके भरण-पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। मंझौल थाना की पुलिस मामले की जांच-पड़ताल और आगे कार्रवाई कर रही है।

### कटिहार में 2 किशोरी की खंभे से बांध कर पिटाई



**कटिहार।** में दो किशोरी को खंभे से बांध कर उनकी पिटाई की गई है। बारसोई प्रखंड के भवानीपुर पंचायत में स्थित तलवा चौक सरस्वती मंदिर के पास दो किशोरियों के साथ स्थानीय लोगों ने दुर्व्यवहार किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पिंकी कुमारी और शकुंतला कुमारी नाम की दोनों किशोरियां तलवा गांव की रहने वाली हैं। वे मंदिर के चारों ओर लगी लकड़ी के बाड़ को हटा रही थीं। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने उन्हें देख लिया। गुस्साए ग्रामीणों ने दोनों किशोरियों को सीमेंट के खंभे से बांध दिया और आबादपुर पुलिस को सूचना दे दी। फिलहाल, पुलिस ने इस मामले में एक बदमाश को अरेस्ट किया है। पुलिस ने किशोरियों को रस्सी से छुड़ाया सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरियों को रस्सी से छुड़ाया। किशोरियों का कहना है कि मंदिर उनके पिता की जमीन पर स्थापित है, इसलिए वे लकड़ी के बाउंड्री को हटा रही थीं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि दिन में इस तरह की कार्रवाई उचित नहीं है।अंचल पदाधिकारी श्यामसुंदर शाह और थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि दोनों किशोरियों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जमीन के स्वामित्व की भी जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस ने दोनों किशोरियों को पूछताछ के लिए आबादपुर थाने ले गई है। इस मामले में एसपी वैभव शर्मा ने बताया है कि बारसोई अनुमंडल के आबादपुर थाना क्षेत्र में भवानीपुर पंचायत में दो युवतियों को बांधकर कुछ लोगों ने पीटा। इसका वीडियो वायरल हुआ है । वीडियो के संज्ञान में आने के बाद पुलिस गश्ति टीम मौके पर पहुंची और पूछताछ के बाद उसके परिवार के सुपुर्द किया गया। मामले में एफआईआर भी दर्ज हुआ है। मामले में वीडियो में दिख रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया हैं। बाकी लोगों की पहचान की जा रही हैं। जो भी लोग इसमें दोषी होंगे उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि अनुसंधान की जा रही है की लड़कियों को क्यों बांधा गया । कुछ बातें सामने आई है की जमीन के मामले में टट्टी हटाने का प्रयास किया गया था, इन सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है।

### पूर्णिया में बेटे ने पिता की कर दी हत्या

**पूर्णिया ।** में बेटे ने पिता की मारपीट कर हत्या कर दी। मारपीट के दौरान बेटे ने पिता को इस कदर धक्का दिया, कि सर सीधे दीवार से जा टकराई। सिर में चोट लगने के कुछ ही मिनटों के भीतर तड़पकर पिता ने बेटे और पोते की आंखों के आगे दम तोड़ दिया। घटना रूपौली की है। मृतक की पहचान रूपौली थाना क्षेत्र के गिद्दा गांव निवासी श्यासर साह के बेटे राम विलास साह के रूप में हुई है। जिनकी मौत के बाद से परिजनों में मातम पसरा है। घटना के बाद से घर के बाहर लोगों की भीड़ लगी है। हत्या का आरोप बड़े बेटे गोपाल साह पर है।घटना की जानकारी देते हुए रिश्तेदार नीरज साह ने बताया कि वे 4 भाई हैं। सभी रूपौली के गिद्दा गांव में रहते हैं। राम विलास साह अपने पोते की गलती पर उन्हें डांट रहे थे। जिद करने पर उन्होंने पोते को थोड़ी पिटाई भी लगाई। बच्चे ने ये बात जाकर अपने पिता गोपाल साह को बताई।बेटे की पिटाई से भड़के गोपाल साह की अपने पिता से कहासुनी हो गई। इस पर पिता ने बेटे पर एक थप्पड़ जड़ दिया। इसी के बाद बेटे ने पीटा के साथ धक्कामुक्की और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान जोर का धक्का देने पर राम विलास साह का सिर दीवार से जा टकराया। इसके कुछ ही देर बाद घरवालों के आंखों के सामने उनकी जान निकल गई।



# कला, संस्कृति और शिक्षा का संगम आयरलैंड

**योरप के पश्चिमी छोर पर स्थित नन्हा-सा देश रिपब्लिक ऑफ आयरलैंड जहां अपने सुदीर्घ इतिहास और कला-संस्कृति के लिए जाना जाता है, वहीं शिक्षा के लिहाज से भी यह विदेशी विद्यार्थियों को आकर्षित कर रहा है। आयरलैंड की कला और संस्कृति को योरप क्या, संपूर्ण विश्व में आदर के साथ देखा जाता है। बड़े-बड़े साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं में यहां के जीवन, प्राकृतिक सौंदर्य, संस्कृति एवं सभ्यता का बखूबी बखान किया है। आयरिश संगीत एवं नृत्य को भला कौन नहीं जानता! यहां के प्राचीन किले वास्तुकला का बखान करते हैं।**

आयरलैंड को उसकी उन्नात शिक्षा प्रणाली के लिए भी जाना जाता है। दीर्घकाल से यहां विदेशी विद्यार्थियों की उपस्थिति रही है। यहां सरकारी विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के अलावा बड़ी संख्या में गैर-सरकारी कॉलेज एवं टेक्निकल इंस्टीट्यूट मौजूद हैं। डबलिन का ट्रिनिटी कॉलेज आयरलैंड का प्राचीनतम विश्वविद्यालय है। इसकी स्थापना 1592 में की गई थी।

## शोध में शीर्ष पर


विश्व के सभी देशों में आज शोध कार्यों को वरीयता दी जा रही है। आयरलैंड भी इससे अछूता नहीं है। शोध कार्यों को यहां प्रोत्साहित किया जाता है। शिक्षण संस्थानों का प्रयास रहता है कि इस काम में किसी भी तरह की अड़चन न आए। यहां से शोध कार्य करके निकले विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष मुकाम हासिल करने में सफल हुए हैं। आयरलैंड के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों के मध्य प्रतिस्पर्धात्मक माहौल स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है। विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करके अपने आप को शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा में बनाए रखना होता है।

## विषयों की बहुलता

आयरलैंड में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों के सामने विषय का चयन कोई आसान काम नहीं है। विषयों की अधिकता और सभी में उत्कृष्ट शिक्षा उन्हें अनेक विकल्प उपलब्ध कराती है। मसलन, आयरलैंड और साहित्य के बीच गहरा नाता है। यहां का लगभग प्रत्येक नागरिक कहीं-न-कहीं साहित्य के प्रति गहरी आस्था रखता है। यहां के कई साहित्यकारों ने विश्व साहित्य पर अपनी छाप छोड़ी है। विदेशी विद्यार्थी हों या स्थानीय, दोनों ही लिटरेचर कोर्सेस में खासी दिलचस्पी दिखाते हैं। आयरलैंड ने एक ओर जहां आधुनिक तकनीक को अपनाया है, वहीं अपनी प्राचीन परंपराओं को भी सहेजकर रखा है। शिक्षण संस्थानों में गौरवशाली प्राचीन संस्कृति से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, वहीं हर आधुनिक तकनीक विद्यार्थियों को मुहैया कराई जाती है। यहां के समस्त शिक्षण संस्थानों में कम्प्यूटर एजुकेशन पर विशेष जोर दिया जाता है। साहित्य एवं टेक्नोलॉजी तो स्थानीय एवं विदेशी विद्यार्थियों की वरीयता सूची में हैं ही, लेकिन अब कम्यूनिकेशन और इतिहास विषय भी इस सूची में शामिल हो गए हैं। इन विषयों में विद्यार्थियों को आधुनिकतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।

## अन्य सुविधाएं

अगर आप आयरलैंड में पढ़ाई के साथ-साथ काम भी करना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको उस संस्थान की अनुमति लेनी होगी, जहां आपने प्रवेश लिया है। निर्धारित नियमों के अंतर्गत सोच-विचार करके आपको सप्ताह में कुछ घंटे तक जॉब करने की अनुमति मिल सकती है।





# दवा मार्केटिंग के मास्टर



**फार्मास्युटिकल उद्योग तेजी से बढ़ने वाले उद्योगों में से एक है। शानदार ग्रोथ की वजह से इसमें नौकरियां भी तेजी से बढ़ी हैं। अगर आप साइंस बैकग्राउंड के हैं और सेल्स तथा कस्टमर को मैनेज करने का हुनर रखते हैं, तो मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के रूप में करियर की बेहतरीन शुरूआत कर सकते हैं। भारत का फार्मा सेक्टर 13-14 फीसदी सालाना की दर से ग्रो कर रहा है। मेडिकल फील्ड में हो रही गतिविधियों के कारण मेडिसिन मार्केट भी कमर्शियल रूप से काफी आगे बढ़ रहा है। एफडीआई के बाद से इसमें और विस्तार होने की उम्मीद की जा रही है। कई विदेशी कंपनियां अपने उत्पादों का पेटेंट कराकर भारत में कारोबार करने आ रही हैं। इससे घरेलू फार्मा इंडस्ट्री और तेजी से विकसित हो रही है। इसे देखते हुए कहा जा सकता है कि आने वाले दिनों में इस फील्ड में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स के लिए जॉब्स की कमी नहीं होगी।**

मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स फार्मास्युटिकल कंपनीज और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के बीच की कड़ी होते हैं। वे उत्पादों को एक रणनीति के साथ बाजार में प्रमोट करते हैं। वन-टु-वन के अलावा वे ग्रुप इवेंट्स ऑर्गेनाइज कर दवाइयों के प्रति जागरूक करते हैं। फार्मास्युटिकल कंपनीज मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स को नियुक्त करती हैं, ताकि वे कस्टमर्स और डॉक्टर्स को अपने प्रोडक्ट की उपयोगिता के प्रति संतुष्ट कर सकें। इस तरह मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव दवाइयों की मार्केटिंग में एक अहम भूमिका निभाते हैं। अलग-अलग दवा कंपनियां अपने यहां नियुक्ति के बाद कैंडिडेट्स को स्पेशल स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग देती हैं। उन्हें एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, फार्माकोलॉजी, सेल्समैनशिप की ट्रेनिंग के अलावा डॉक्टर्स की प्रोफाइल, उत्पादों की जानकारी और फील्ड ट्रेनिंग दी जाती है, जिसके तहत सैलिंग टेक्नीक्स बताई जाती हैं। फील्ड ट्रेनिंग के दौरान फ्रैश ग्रेजुएट्स को किसी सीनियर मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के अधीन काम करना होता है।

## जरूरी स्किल्स

मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव बनने के लिए आपके पास मेडिकल फील्ड, मैनेजमेंट और मेडिसिन की संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। आपको मानव शरीर और दवा में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक तत्वों की भी जानकारी रखनी होगी। ऐसे में आपके पास कम्युनिकेशन स्किल्स के साथ-साथ अंग्रेजी-हिंदी की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। इस फील्ड में काम के कोई तय घंटे नहीं होते हैं, इसलिए आपको इसके लिए पहले से तैयार रहना होगा। खुद को फिजिकली भी फिट रखना होगा।

## एजुकेशनल क्वॉलिफिकेशन

फार्मा बिजनेस मैनेजमेंट में बीबीए या एमबीए, फार्मास्युटिकल एंड हेल्थकेयर मार्केटिंग में पीजी डिप्लोमा, फार्मा मार्केटिंग में डिप्लोमा या पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा कोर्स करने के बाद आप इस फील्ड में आगे बढ़ सकते हैं। इसके अलावा, सेलिंग और मार्केटिंग की स्किल रखने वाले साइंस ग्रेजुएट्स भी एंट्री ले सकते हैं। आज कई विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में इससे संबंधित कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। कुछ संस्थानों में फार्मा बिजनेस मार्केटिंग से संबंधित कोर्स भी शुरू हो चुके हैं। डिप्लोमा कोर्स करने के लिए आपको साइंस के साथ 12वीं पास होना जरूरी है। पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा में प्रवेश के लिए स्टूडेंट्स के पास बीएससी, बीफार्मा की डिग्री होनी चाहिए। 12वीं (मैथ्स और बायोलॉजी) के बाद बीबीए (फार्मा बिजनेस) में दाखिला लिया जा सकता है।

## सैलरी पैकेज

सामान्य तौर पर शुरूआती वेतन 10 से 20 हजार रुपए तक होता है लेकिन अनुभव के आधार पर आमदनी में इजाफा होता रहता है। कुछ अनुभव हासिल करने के बाद 30 से 40 हजार रुपए प्रतिमाह आसानी से हासिल किए जा सकते हैं। पांच या सात साल के अनुभव के बाद वेतन लाखों में हो सकता है। इसके अलावा, आपके परफॉर्मेंस के आधार पर समय-समय पर इंसेंटिव सहित कई तरह की सुविधाएं दी जाती हैं। सेल्स टारगेट अचीव करने वालों को कई बार ब्रांड मैनेजमेंट जैसी जिम्मेदारी तक सौंप दी जाती है। इससे आपकी आमदनी बढ़ने के साथ-साथ मार्केट में एक अलग पहचान बनती है।

## तरक्की की संभावनाएं

सेल्स परफॉर्मेंस और कस्टमर्स को मैनेज करने का हुनर रखने वाले मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव फार्मास्युटिकल मार्केटिंग में शानदार करियर बना सकते हैं। जो लोग कंपनी के टारगेट को समय-समय पर अचीव करते चलते हैं, उन्हें प्रमोशन मिलने में भी देर नहीं लगती है। आप एरिया मैनेजर, रीजनल या जोनल मैनेजर, डिवीजनल सेल्स मैनेजर, डिवीजनल कंट्रोलर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर के अलावा मार्केटिंग मैनेजर के रूप में प्रमोशन पा सकते हैं। मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के अलावा, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, प्रोडक्ट एग्जीक्यूटिव, बिजनेस एग्जीक्यूटिव के रूप में काम करने का पूरा अवसर है। एमबीए या फार्मेसी की डिग्री रखने वाले एरिया मैनेजर, सर्कल मैनेजर, प्रोडक्ट मैनेजर, ग्रुप प्रोडक्ट मैनेजर, क्वॉलिटी कंट्रोल मैनेजर, ब्रांड मैनेजर या मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में दवा कंपनियों के साथ जुड़ सकते हैं। इन कंपनियों में एक-दो साल का अनुभव रखने वाले मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स को इंटरव्यू के आधार पर नियुक्त किया जाता है। इसके अलावा, समय-समय पर अखबारों में और वेब साइट्स पर भी विज्ञापन निकलते रहते हैं।






# यूं बढ़ रही है स्किल्ड ब्रांड मैनेजर्स की मांग

**आज भारतीय उपभोक्ताओं के पास हर उत्पाद के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं, क्योंकि हर कंपनी अपने प्रोडक्ट को प्रमोट करने के लिए ग्राहक को आकर्षित करने की कोशिश करती है। इस पूरी प्रक्रिया में ब्रांडिंग की बड़ी भूमिका होती है।**

उपभोक्ता के मन में एक प्रोडक्ट की स्थायी जगह बनाने में ब्रांडिंग का बड़ा हाथ होता है। हर बड़ी कंपनी अपने प्रोडक्ट और सर्विसेज को बाजार में प्रमोट करने के लिए ब्रांड मैनेजर्स को हायर करती है। ब्रांडिंग प्रक्रिया में नए उत्पाद के लॉन्च होने से लेकर उसे उपभोक्ता की जिंदगी का अहम हिस्सा बनाने तक की रणनीति शामिल होती है। हर कंपनी अपने प्रोडक्ट और सर्विसेज की ब्रांडिंग के लिए ऐसे लोगों को हायर करना चाहती है, जिनके पास प्रमोशन के विभिन्न आइडियाज हों। अगर आप भी इस तरह के करियर ऑप्शन की तलाश में हैं, तो ब्रांड मैनेजमेंट आपके लिए आदर्श करियर बन सकता है।

## कैसे करें शुरूआत?

ब्रांड मैनेजमेंट में करियर बनाने के लिए आप ग्रेजुएशन के बाद ब्रांड मैनेजमेंट से एमबीए करके स्पेशलाइजेशन हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा एमबीए-मार्केटिंग से स्पेशलाइजेशन करके इस करियर को शुरू किया जा सकता है।

## करियर की संभावनाएं

ब्रांड मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद फ्रेशर्स को एंट्री लेवल पर असिस्टेंट ब्रांड मैनेजर की जॉब मिल सकती है। अपने अच्छे आइडियाज, परफॉर्मेंस और इनोवेशन से उम्मीदवार मिड लेवल तक पहुंच सकते हैं यानी ब्रांड मैनेजर बन सकते हैं।

## किस एरिया में जॉब?

प्रतिभाशाली और स्किल्ड ब्रांड मैनेजर्स की मांग फार्मास्यूटिकल, मोबाइल, इंश्योरेंस, हेल्थकेयर कंपनियों, मीडिया हाउसेस, ऑटोमोबाइल कंपनीज वगैरह में काफी है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए हर कंपनी अपने प्रोडक्ट की ब्रांडिंग आकर्षक तरीके से करनी चाहती है।


## कितना पैकेज?

इस इंडस्ट्री में फ्रेशर्स का स्टार्टिंग सैलेरी पैकेज तीन से साढ़े तीन लाख प्रति वर्ष हो सकता है। सैलेरी पैकेज इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप कौन-से संस्थान में और किस शहर में काम कर रहे हैं।

## ये गुण जरूरी

ब्रांड मैनेजर बनने के लिए एक व्यक्ति को न मोटिवेटेड और बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार रहना जरूरी होता है।

- अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स होनी चाहिए।
- सुपरविजन, प्रॉब्लम सॉल्विंग और प्लानिंग स्किल्स में भी आगे होने चाहिए।
- उम्मीदवार किस तरह के आइडियाज के साथ प्रोडक्ट की ब्रांडिंग कितने क्रिएटिव तरीके से करते हैं और उसका कैसा रिस्पांस मिलता है, यह भी बहुत मायने रखता है।



## एक नजर

### ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे चैतन्य को 15 मार्च को किया तलब

**रायपुर :** शराब घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को समन भेजकर तलब किया है। ईडी ने चैतन्य बघेल को 15 मार्च को अपने दफ्तर में तलब बुलाया है। ईडी के अधिकारी चैतन्य बघेल से पूछताछ करेगी। दरअसल, सोमवार को ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास सहित 14 ठिकानों में छापेमारी की थी। भिलाई-3 स्थित वसुंधरा नगर निवास और रायपुर निवास सहित प्रदेशभर में 14 जगहों पर शराब घोटाला मामले में ईडी ने छापा मारा था। ईडी की टीम ने तमाम दस्तावेजों की जांच की और पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र चैतन्य बघेल से भी पूछताछ की थी। अब ईडी ने एक नोटिस जारी कर बघेल के बेटे चैतन्य को पूछताछ के लिए 15 मार्च को अपने दफ्तर बुलाया है। इसके बाद आज ईडी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में 14 स्थानों पर पीएमएलए के तहत तलाशी ली गई। इनमें चैतन्य बघेल का आवास, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी लक्ष्मी नारायण बंसल उर्फ पप्पू बंसल का निवास भी शामिल है। जांच में यह सामने आया कि चैतन्य बघेल कथित रूप से शराब घोटाले में लाभप्राप्तकर्ता है। इस घोटाले की राशि करीब 2161 करोड़ रुपये आंकी गई है, जिसे विभिन्न तरीकों से निकाला गया। ईडी ने इस कार्रवाई में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, नेहरू नगर स्थित मुकेश चंद्राकर और राजेंद्र साहू के घरों से फाइलें जब्त की गई हैं। इसके अलावा, ईडी ने 6 मोबाइल फोन भी सिम कार्ड सहित जब्त किए हैं।

### होली के दिन अपराह्न 2.30 बजे से चलेगी मेट्रो

**नई दिल्ली :** होली के दिन अपराह्न 2:30 बजे से मेट्रो ट्रेन सेवाएं शुरू होंगी। यह जानकारी दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन ने आज यहां दी। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन (डीएमआरसी) के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि 14 मार्च को होली वाले दिन मेट्रो सेवा अपराह्न 2 बजकर 30 मिनट से शुरू होगी। उस दिन इससे पहले मेट्रो ट्रेनें नहीं चलेंगी। दिल्ली मेट्रो की सभी लाइन पर मेट्रो इस दिन सुबह के वक्त बंद रहेगी। इस तरह रात साढ़े 11 बजे के बाद दोपहर ढाई बजे तक मेट्रो का रखरखाव किया जाता है। डीएमआरसी के अनुसार सुबह के वक्त रैपिट मेट्रो लाइन से लेकर एयरपोर्ट एक्सप्रेस सर्विस लाइन दोपहर ढाई बजे तक बंद रहेगी। दोपहर ढाई बजे के बाद सभी टर्मिनल स्टेशन से मेट्रो ट्रेन सेवा शुरू होगी।

### 'अर्जुन उस्तारा' में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी पहली बार साथ आएंगे नजर

**मुंबई :** प्रसिद्ध निर्देशक विशाल भारद्वाज और अभिनेता शाहिद कपूर की जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार है। इससे पहले दोनों 'कमीने', 'हैदर' और 'रंगून' जैसी शानदार फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं, जिन्हें दर्शकों से खूब सराहना मिली थी। अब दोनों 'अर्जुन उस्तारा' में साथ आ रहे हैं, जिसे साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में विशाल भारद्वाज ने फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट साझा किया है। आइए जानते हैं कि उन्होंने इस मोस्ट अवेटेड फिल्म के बारे में क्या कहा। एक हालिया इंटरव्यू में निर्देशक विशाल भारद्वाज ने बताया कि 'अर्जुन उस्तारा' की शूटिंग जोरों पर चल रही है। उन्होंने कहा, मैं और शाहिद एक बार फिर साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

# नॉर्थ-ईस्ट युवाओं को रोजगार के लिए देश के दूसरे हिस्सों में नहीं जाना पड़ेगा : अमित शाह

एजेंसी



**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित नॉर्थ-ईस्ट छात्र एवं युवा संसद को संबोधित करते हुए कहा कि 10 साल के अंदर नॉर्थ-ईस्ट के एक भी युवा को रोजगार के लिए देश के दूसरे हिस्सों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें नॉर्थ ईस्ट में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे। गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया और नॉर्थ-ईस्ट के छात्रों को 2047 तक मजबूत और विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाने, शैक्षिक पहल को बढ़ावा देने और नॉर्थ-ईस्ट के युवाओं के बीच सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में शांति नहीं होती है, वहां विकास नहीं हो सकता और मोदी सरकार ने नॉर्थ ईस्ट में शांति लाने का काम किया है। भाजपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने पूर्वोत्तर और शेष भारत के बीच की दूरी को कम कर दिया है। वर्ष 2027 तक नॉर्थ-ईस्ट की हर राजधानी ट्रेन, विमान और सड़क मार्ग से जुड़ जाएगी। शाह ने कहा कि आतंकवाद, अलगाववाद, हिंसा, ड्रग, बंद और प्रांतवाद ने नॉर्थ-ईस्ट को अनेक टुकड़ों में बांट दिया। इसके कारण पिछले 40 साल जब देश विकास के रास्ते पर चल रहा था, नॉर्थ-ईस्ट पिछड़ता गया। शाह ने कहा कि भाजपा शासन में हमेशा नॉर्थ-ईस्ट को वरीयता दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के शासन काल में पूर्वोत्तर के लिए अलग मंत्रालय का गठन किया गया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमाम योजनाओं के केंद्र में पूर्वोत्तर को रखने का काम किया। उन्होंने कहा कि मणिपुर में नस्लीय हिंसा की घटना को छोड़ दें तो केवल 10 वर्षों में पूर्वोत्तर आज पूर्ण शांति का अनुभव कर रहा है। वर्ष 2004 से 2014 तक हिंसा की कुल 11,000 घटनाएं हुईं और 2014 से 2024 तक 3,428 घटनाएं हुईं। यानी 70 प्रतिशत की कमी हुई है। सुरक्षा बलों की मौतों की संख्या में भी 70 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले 10 वर्षों में नागरिकों की मौतों की संख्या में 89 प्रतिशत की कमी आई है। हमारा पूर्वोत्तर आज शांति का अनुभव कर रहा है। चाहे वह मेघालय हो, अरुणाचल हो, असम हो, नगालैंड हो या मिजोरम हो, हमने सभी सशस्त्र समूहों के साथ समझौते किए हैं और 10,500 से अधिक विद्रोही अपने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। हमारी सरकार ने 10 वर्षों में 12 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नॉर्थ ईस्ट के विकास के लिए बहुत बड़ा बजट दिया है। दस साल में प्रधानमंत्री ने नॉर्थ-ईस्ट को अपना मानते हुए इसके विकास का इतना ध्यान रखा है कि उन्होंने तय किया है कि हर महीने कोई न कोई मंत्री नॉर्थ-ईस्ट के किसी न किसी राज्य में रात्रि निवास करेगा।

# नवीनीकरण से पहले कानूनी विवाद में फंसा शाहरुख खान का बंगला 'मन्नत', सुनवाई 23 अप्रैल को

एजेंसी



**मुंबई :** शाहरुख अपने मुंबई स्थित बांद्रा के बंगले 'मन्नत' में कुछ बदलाव करना चाहते थे, लेकिन इससे पहले ही उनके सामने एक कानूनी अड़चन आ गई है। मुंबई के एक सामाजिक कार्यकर्ता संतोष दौंडकर ने शाहरुख पर कुछ आरोप लगाए हैं, जिसके चलते 'मन्नत' का नवीनीकरण शुरू होने से पहले ही विवादों में घिर गया है। महाराष्ट्र तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण (एमसीजेडएमए) के समक्ष इस मामले की सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष दौंडकर ने अभिनेता शाहरुख खान के खिलाफ राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में याचिका दायर की है। इस याचिका में उन्होंने शाहरुख और महाराष्ट्र तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण पर तटीय विनियमन क्षेत्र की अनुमति के बिना 'मन्नत' में बदलाव करने का आरोप लगाया है। संतोष का दावा है कि बंगले के नवीनीकरण के दौरान नियमों का उल्लंघन किया गया और शाहरुख ने इसके लिए आवश्यक मंजूरी नहीं ली। बांद्रा के पॉश इलाके में स्थित शाहरुख खान की आलीशान हवेली 'मन्नत' किसी टूरिस्ट अट्रैक्शन से कम नहीं है। प्रशंसक अक्सर यहां आकर तस्वीरें खिंचवाते हैं और इस आइकॉनिक बंगले की झलक पाने के लिए घंटों इंतजार करते हैं। हालांकि, शाहरुख और गौरी खान ने अपने इस ड्रीम होम को और भी भव्य बनाने का फैसला किया था, लेकिन इससे पहले ही यह कानूनी विवादों में घिर गया है। शाहरुख की लोकप्रियता और स्टारडम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 'मन्नत' की कीमत करीब 200 करोड़ रुपये बताई जाती है। दरअसल, शाहरुख खान का महलनुमा बंगला 'मन्नत' ग्रेड क्क्क धरोहर संरचना की सूची में शामिल है। ऐसे में इसमें किसी भी तरह का बदलाव करने के लिए उचित अनुमति लेना अनिवार्य होता है। आरोप लगाया गया है कि शाहरुख ने जन आवास के लिए बने 12 वन-बीएचके फ्लैट्स को एक बड़े घर में तब्दील कर दिया है। इस मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने सामाजिक कार्यकर्ता संतोष दौंडकर से उनके दावों के समर्थन में सबूत प्रस्तुत करने को कहा है। 23 अप्रैल को होगी अगली सुनवाईन्यायिक सदस्य दिनेश कुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य विजय कुलकर्णी ने कहा कि यदि शाहरुख खान या महाराष्ट्र तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण (एमसीजेडएमए) के कोई नियमों का उल्लंघन हुआ है, तो संतोष दौंडकर को 4 सप्ताह के भीतर सबूत प्रस्तुत करने होंगे।

### एलपीजी गैस टैंकर में आग लगने से फैली दहशत

**जयपुर :** मुरलीपुरा थाना इलाके में मंगलवार तड़के दिल्ली-अजमेर हाईवे पर चलते एलपीजी गैस टैंकर में आग लगने से दहशत फैल गई। समय रहते ड्राइवर-खलासी ने बाहर कूद कर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर बिग्रेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग से टैंकर का केबिन जलकर कबाड़ में बदल गया। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में आग शॉर्ट सर्किट से लगना माना जा रहा है। थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि हादसा मंगलवार तड़के पौने चार बजे अजमेर-दिल्ली हाईवे पर दादी का फाटक पुलिया के पास हुआ। अजमेर की ओर से एलपीजी से भरा एक टैंकर दिल्ली की ओर जा रहा था। दादी का फाटक पुलिया के पास हाईवे पर चलते टैंकर के केबिन में आग लग गई। चलते टैंकर के केबिन में लगी आग से राहगीरों में दहशत फैल गई।

## पूर्व राजा की सक्रियता बढ़ने को लेकर माओवादी ने बुलाई आपात बैठक

एजेंसी

**काठमांडू :** प्रमुख विपक्षी दल माओवादी ने अपने पार्टी संगठन विस्तार को लेकर चलाए जा रहे सारे राजनीतिक अभियान को तत्काल स्थगित कर पार्टी की आपात बैठक बुलाई है। तराई मधेश में जागरण अभियान चला रहे प्रचण्ड काठमांडू पहुंच चुके हैं और पूर्व राजा की बढ़ती सक्रियता को लेकर वे मंगलवार को संसद में संबोधन करने वाले हैं। साथ ही विपक्षी गठबंधन की बैठक भी बुलाई गई है। माओवादी पार्टी के अध्यक्ष पुष्प कमल दहाल प्रचण्ड ने पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह की बढ़ती सक्रियता को लोकतंत्र, गणतंत्र, संघीयता और धर्मनिरपेक्षता के लिए खतरा बताते हुए सोमवार से पार्टी के सभी राजनीतिक कार्यक्रमों को स्थगित करने का निर्देश दिया है। प्रचण्ड ने पार्टी के सभी नेताओं को सोमवार को ही काठमांडू आने का फरमान जारी करते हुए आपात बैठक बुलाई है। माओवादी पार्टी के प्रवक्ता अग्नि सापकोटा ने कहा कि राजा के समर्थकों का इतनी बड़ी संख्या में सड़कों पर आना देश के लोकतंत्र, गणतंत्र, संघीयता और धर्मनिरपेक्षता पर बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष प्रचण्ड द्वारा इस बात पर चिंता जाहिर की गई कि माओवादी द्वारा दस वर्षों तक किए गए सशस्त्र संघर्ष के बाद प्राप्त उपलब्धि खतरे में है। माओवादी पार्टी ने इसके लिए प्रधानमंत्री केपी ओली और वर्तमान सत्ता गठबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। उनका मानना है कि जनता के पक्ष में कोई काम नहीं करने के कारण जनता ने अपने आक्रोश को अभिव्यक्त किया है। माओवादी प्रवक्ता ने बताया कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति को लेकर पार्टी अध्यक्ष प्रचण्ड का आज मंगलवार को संसद के प्रतिनिधि सभा में संबोधन करने का कार्यक्रम है।

## एयरटेल ने स्पेसएक्स के साथ किया समझौता भारत में जल्द लॉन्च होगा सैटेलाइट इंटरनेट

एजेंसी




**नई दिल्ली :** निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक लाने के लिए एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। हालांकि, ये डील तभी लागू होगी जब स्पेसएक्स को भारत सरकार से स्टारलिंक सेवाएं बेचने की अनुमति मिलेगी। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि उसने भारत में हाई-स्पीड इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक लाने के लिए एलन मस्क की स्पेसएक्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एयरटेल इस समझौते के तहत स्पेसएक्स के सैटेलाइट इंटरनेट डिवीजन स्टारलिंक के जरिए भारत में अपने ग्राहकों तक हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाएं पहुंचाएगी। एयरटेल के मुताबिक इस साझेदारी के जरिए दूरदराज और इंटरनेट कनेक्टिविटी से वंचित क्षेत्रों में विश्वसनीय ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने का लक्ष्य है। कंपनी के मुताबिक यह समझौता भारत में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने और उपभोक्ताओं को एडवांस इंटरनेट सर्विस उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी ने बताया कि इस समझौते के तहत एयरटेल और स्पेसएक्स एयरटेल के रिटेल स्टोर में स्टारलिंक उपकरण ऑफर करने की संभावनाओं को तलाशेंगे। एयरटेल के जरिए बिजनेस कस्टमर्स को स्टारलिंक सर्विसेज ऑफर करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। इसके साथ अलावा समुदायों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों को जोड़ने और ग्रामीण इलाकों में सर्विस देने की संभावना तलाशेंगे। उल्लेखनीय है कि स्टारलिंक दूर-दराज के इलाकों को सैटेलाइट के जरिए तेज इंटरनेट से जोड़ने का काम करती है। इसमें कंपनी एक किट उपलब्ध करवाती है जिसमें राउटर, पावर सप्लाई, केबल और माउंटिंग ट्राइपॉड दिया जाता है। हाई-स्पीड इंटरनेट के लिए डिश को खुले आसमान के नीचे रखा जाता है।

# देलखंड भरेगा बीडा से विकास की रफ्तार, 200 एकड़ में बनेगा फार्मा पार्क : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी



**झांसी :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी के एक दिवसीय दौरे में बुंदेलखंड के विकास का विस्तृत खाका खींचा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) 56,000 एकड़ भूमि पर बन रहा है। अभी से ऑफर आने लग गए हैं। फार्मा पार्क के लिए 2,000 एकड़ जमीन ले ली गई है। यहां कन्वेंशन सेंटर बनेगा। इसके साथ ही बुदेलखंड का विकास रफ्तर भरेगा। युवा उद्यमी अभियान मतलब अपने युवाओं को उद्यमी बनाना है। अब युवा जॉब के पीछे नहीं भागेंगे, बल्कि युवाओं के पीछे जॉब भागेगी। एक-एक युवा आठ से 10 युवाओं को रोजगार देगा। अकेले बुंदेलखंड में 1000 नौजवानों को युवा उद्यमियों को योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने यह बात मंगलवार को युवा योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में उद्यमियों को रोजगार शुरू करने के लिए पांच-पांच लाख के चेक वितरित करने के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने वीरांगना महालक्ष्मीबाई के शौर्य और वीर भूमि को में नमन करते हुए युवाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमी अभियान मतलब अपने युवाओं को उद्यमी बनाना है। अकेले बुंदेलखंड में 1,000 नौजवानों को युवा उद्यमियों को योजना का लाभ दिया गया है। पांच लाख का लोन ब्याज मुक्त,गारंटी मुक्त है। मार्केट की नब्ज को टटोलकर अपने अनुसार कार्य को ढूंढने की जरूरत है। महाकुंभ में भी युवाओं ने आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ा। आज तकनीकी का युग है। युवा एमएसएमई रजिस्ट्रेशन कराऐं। अगर कोई आपदा भी आती है तो एमएसएमई आपको पांच लाख का सुरक्षा कवर भी देगा। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इसी उत्तर प्रदेश में सूर्यास्त के बाद आवागमन ठप्प हो जाता था। बेटियां स्कूल जाने को डरती थी। व्यापारी व्यापार करने में डरता था। किसान आत्महत्या करने को मजबूर होता था और नौजवान पलायन करने को मजबूर था। जो प्रदेश पहले बीमारू राज्य माना जाता था। आज अग्रणी प्रदेश है। आज प्रदेश देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बन गया है। डबल इंजन की सरकार बुंदेलखंड के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। फार्मा पार्क के लिए 2000 एकड़ जमीन ले ली गई है। यहां कन्वेंशन सेंटर बनेगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब हर घर नल से जल योजना अपने अंतिम चरण में है।

## संक्षिप्त खबरें

### त्रिभाषा को लेकर संसद के बाहर डीएमके के सांसदों ने किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति और त्रिभाषा को लेकर संसद के बाहर द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के सांसदों ने प्रदर्शन किया। मंगलवार को राज्यसभा में हंगामे के बीच शून्य काल में सदन की बैठक को 12 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा। डीएमके सांसद कनिमोझी और अन्य सांसद काले कपड़े पहनकर तमिलनाडु पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की टिप्पणी का विरोध किया। उन्होंने प्रधान से माफी मांगने को कहा। डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा, 'केंद्र सरकार तमिलनाडु को मिलने वाले पैसे को रोक रही है। कह रही है कि हमें तीन-भाषा नीति और इनईपी पर हस्ताक्षर करना है। वे तमिलनाडु के बच्चों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। उन्हें तमिलनाडु के बच्चों के लिए मिलने वाले फंड को रोकने का कोई अधिकार नहीं है। कनिमोझी ने कहा, ₹सोमवार को धर्मेंद्र प्रधान ने कथित तौर पर अपमानजनक तरीके से जवाब दिया। कहा कि तमिलनाडु के लोग बेईमान हैं और तमिलनाडु के लोग असभ्य हैं। हम उनसे ऐसी भाषा बोलने की उम्मीद नहीं करते हैं। यह पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। हम माफी की मांग करते हैं। धर्मेंद्र प्रधान के बयान के विरोध में राज्यसभा में भी डीएमके के सांसदों ने जमकर नारेबाजी की। प्रश्न काल के बाद त्रिचि शिवा ने सदन में धर्मेंद्र प्रधान से उनके बयान के लिए माफी मांगने की मांग की।

### पंजाब की आप सरकार शिक्षा का राजनीतिकरण बद करे : भाजपा

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए राज्य की शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए छात्रों के भविष्य को दांव पर लगाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य में शिक्षा का राजनीतिकरण बंद हो, वर्ना जनता करारा जवाब देगी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने मंगलवार को मीडिया से कहा कि 36 महीने बीतने के बाद भी आप सरकार ने पंजाब के लिए एक भी नया काम नहीं किया, उल्टा पूरे प्रदेश का बेड़ा गर्क कर दिया। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने पंजाब बोर्ड की 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान परीक्षा में पूछे गए सवालों को लेकर आप सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में 'आम आदमी पार्टी सरकार की नीतियों का वर्णन कीजिए' जैसे प्रश्न का उत्तर क्या होगा, पंजाब की चरमराती कानून व्यवस्था, नशे की चपेट में जाता पंजाब का युवा या फिर फिनान्शियल हेल्थ इंडेक्स में आखिरी पायदान पर पहुंच चुकी पंजाब की अर्थव्यवस्था, क्या आप सरकार पंजाब के बच्चों को शराब घोटाला कैसे करना है, कैसे गरीबों के हक को मार कर आम आदमी के टैक्स के पैसों से शीशमहल बनाना है ये सिखाना चाहती है। उन्होंने कहा कि पंजाब की महिलाएं अपने 1000 रुपये के वादे को 36 महीनों से याद कर रही हैं, लेकिन भगवंत मान की सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। हर दिन कोई न कोई युवा नशे की चपेट में आकर अपनी जान गंवा रहा है। हर साल हजारों से अधिक युवा नशे की वजह से बर्बाद हो रहा है, लेकिन मान सरकार सत्ता के नशे में इतनी चूर है कि पाठ्यक्रम का हिस्सा न होने के बावजूद बोर्ड परीक्षा में 'आप के स्थापना दिवस' जैसे सवाल पूछे जा रहे हैं। चुघ ने चेतावनी देते हुए कहा कि भगवंत मान जवाब दें। आखिर किस कारण से 12वीं बोर्ड परीक्षा में इस प्रकार के राजनीतिक प्रश्न पूछे गए? क्या आपकी सरकार का काम केवल आम आदमी पार्टी का प्रचार करना रह गया है? शिक्षा का राजनीतिकरण बंद होना चाहिए वर्ना जनता करारा जवाब देगी।

### ईडी के कार्य में बाधा डालने पर कांग्रेस नेता समेत 15 से अधिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**दुर्ग/रायपुर :** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पर छापेमारी के बाद ईडी के अधिकारियों की गाड़ी रोकने और पथराव करने के मामले में पुलिस ने कांग्रेस नेता सन्नी अग्रवाल सहित 15 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इन लोगों पर शासकीय कार्य में बाधा डालने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। भिलाई पुलिस ने मंगलवार को बताया है कि ईडी और निजी वाहन के चालक की शिकायत पर भिलाई-3 थाना में भिलाई निवासी कर्मकार मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुशील उर्फ सन्नी अग्रवाल और 15 से अधिक लोगों के खिलाफ दंगा फैलाने [191(2)], गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने (190), स्वेच्छा से सरकारी कर्मचारी के काम में बाधा डालने (221), सरकारी कर्मचारी पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग (132), गलत तरीके से रोकने [126(2)] और सार्वजनिक संपत्ति विनाश कानून की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया है।

### गाजियाबाद में 144 आईआरएस अफसर सीख रहे राष्ट्रीय सुरक्षा का हुनर



**गाजियाबाद :** भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 144 अधिकारी गाजियाबाद में राष्ट्रीय व आंतरिक सुरक्षा की प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस दौरान उन्हें देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा की चुनौतियों, डिजिटल वित्त जोखिमों और प्रौद्योगिकी व राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। साथ ही इन चुनौतियों का समाधान कैसे किया जाए, इसके बारे में भी अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गाजियाबाद के कमला नेहरू नगर स्थित केंद्रीय जासूसी प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) में मंगलवार को 78वें बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारियों (ओटी) के लिए राष्ट्रीय/आंतरिक सुरक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सीडीटीआई के निदेशक डॉ. सचिन गुप्ता एवं पाठ्यक्रम निदेशक अंकुर आले ने संयुक्त रूप से किया। इस प्रशिक्षण में 78वें बैच के कुल 144 प्रशिक्षु अधिकारी कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर सचिन गुप्ता ने बताया कि 13 मार्च तक चलने वाला यह व्यापक दो दिवसीय कार्यक्रम राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण का विस्तृत अवलोकन प्रदान करेगा। प्रसिद्ध विशेषज्ञों और प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों को सीडीटीआई द्वारा व्याख्यान और इंटरेक्टिव सत्रों के माध्यम से अपनी अंतर्दृष्टि और विशेषज्ञता साझा करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान सहायक पाठ्यक्रम निदेशक श्रुति फोगाट, पाठ्यक्रम समन्वयक डीएसपी ओपी शर्मा तथा सीडीटीआई गाजियाबाद के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह***, **प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**